

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 277

ग्वालियर, बुधवार, 1 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### अगले माह यूएई जा सकते हैं पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनवरी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा कर सकते हैं, जो 2022 में उनकी पहली विदेश यात्रा हो सकती है। इस घटनाक्रम से जुड़े लोगों



ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनों पक्ष इस यात्रा को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसके मुख्य रूप से चल रहे दुबई एक्सपो के इर्द-गिर्द केंद्रित होने की संभावना है। एक्सपो में इंडिया पवेलियन में भारी भीड़ जुटी है। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित यात्रा की तारीखें अभी तय नहीं की गई हैं। दोनों पक्ष अगले साल की पहली छमाही तक एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को पूरा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं, जिससे व्यापार और निवेश संबंधों को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।


### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दो दिन के मुंबई प्रवास पर

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दो दिन के प्रवास पर मुंबई पहुंची हैं. इस दो दिवसीय मुंबई यात्रा के दौरान सीएम ममता बनर्जी की महाराष्ट्र के सीएम मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात के कार्यक्रम थे, लेकिन अस्वस्थ होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो पाएंगी. सीएम ममता बनर्जी से सीएम उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे मुलाकात करेंगे. आज बुधवार को ममता बनर्जी राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार से और सिविल सोसाइटी से भी मुलाकात करेंगी. सीएम ममता बनर्जी सिद्धिविनायक मंदिर और पुलिस मेमोरियल भी जाएंगी. इस दौरान सीएम बनर्जी के साथ उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी भी मौजूद रहेंगे. दरअसल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी टीएमसी का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार कर रही हैं, जिसके मद्देनजर वो लगातार अलग-अलग जगहों का दौरा कर रही हैं. मुंबई दौरे में ममता बनर्जी मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन भी करेंगी और पुलिस मेमोरियल जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगी।

### पुलिसवालों को बैंक लोन देने पर सरकार ने लगाई है रोक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि केंद्र ने बैंकों को पुलिस कर्मियों जैसे संवेदनशील ग्राहकों को ऋण नहीं देने के लिए कोई विशेष निर्देश नहीं जारी किया है। वित्त मंत्री ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंकों को कुछ श्रेणी के ग्राहकों को ऋण नहीं देने का निर्देश देने की कोई आधिकारिक नीति नहीं है। उन्होंने कहा, बैंक केवाईसी और अन्य रेटिंग के आधार पर आकलन करते हैं।

# टल सकते हैं यूपी समेत 5 राज्यों के चुनाव



**नई दिल्ली।** कोरोना के खतरनाक नए वैरिएंट ओमिक्रॉन ने भले ही पूरी दुनिया को हलाकान कर रखा हो, मगर भाजपा के लिए यह %संजीवनी% बनकर आया है। अगर योजना के मुताबिक हुआ तो बहुत उम्मीद है कि यूपी समेत पांच राज्यों के चुनाव कुछ समय के लिए टाल दिए जाएं। इसके पीछे वजह भी कई हैं। अभी का माहौल भाजपा के लिए बेहतर नहीं है। किसान आंदोलन, महंगाई, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था और खुद सरकार के वे काम जो अब तक सिर्फ जुमला बने हुए हैं। भाजपा जनता की नब्ज समझ रही है। उसे लग रहा है कि अगर अभी चुनाव के मैदान में गए तो संभव है कि दांव उल्टा पड़ जाए और 2024 में दिल्ली की सत्ता का रास्ता कठिन बन जाए। यही वजह है कि भाजपा और केंद्र सरकार बहुत फूंक-फूंककर कदम रख रही है। सभी संभावनाओं की परख के बाद ही पार्टी चुनाव के लिए तैयार होगी।

### आंतरिक सर्वे ने बढ़ाई मुश्किल

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा ने यूपी समेत पांचों राज्यों में सर्वे कराया है। यह सर्वे एक निजी एजेंसी के जरिए कराया गया है। सर्वे में यूपी को लेकर जो खाका खींचा गया है, उसने पार्टी की मुसीबत बढ़ा दी है। यूपी में कोरोना के बाद बेरोजगारी और महंगाई से आम आदमी परेशान है। यह वह वर्ग है जो भाजपा का पारंपरिक वोट बैंक है। पार्टी को लग रहा है कि अगर यह वोट बैंक छिटक गया तो सत्ता दूर, पिछली बार का प्रदर्शन दोहराना भी कठिन हो जाएगा। जिस एजेंसी ने सर्वे किया है, उसने सीधे शब्दों में दिल्ली को बता दिया है कि अभी चुनाव मतलब मुसीबत मोल लेना है।

### किसान आंदोलन बड़ा फैक्टर

कृषि कानूनों के विरोध में एक साल से चल रहा आंदोलन भी भाजपा के लिए संकट बन सकता है। हालांकि, सरकार संसद में तीनों कानून वापस ले चुकी है और कह रही है कि प्रधानमंत्री ने वादा पूरा कर दिया है फिर भी पश्चिमी यूपी के किसान भरोसेमंद होंगे या नहीं कहा नहीं जा सकता। लखीमपुर खीरी कांड में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी पर कार्रवाई न करना किसानों को अब भी उद्वेलित किए है। अजय मिश्र भाजपा के लिए दोधारी तलवार हो गए हैं, उन पर कार्रवाई से ब्राह्मण नाराज होंगे और न की तो किसान। लखीमपुर कांड से चुनाव में निपटना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा।

### गांव में कम हुआ जनाधार

इसी साल यूपी में हुए पंचायत चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी थी। बड़ी संख्या में समर्थित उम्मीदवार चुनाव हार गए थे। बाद में सत्ता बल पर भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर कब्जा जमा लिया था, मगर इस चुनाव से संकेत यह गया कि गांव में भाजपा कमजोर हुई है।

### सिर्फ एक है विकल्प, टाले जाएं चुनाव

भाजपा के पास यूपी की सत्ता बचाए रखने का एक ही विकल्प है, किसी भी तरह कुछ समय के लिए या जब तक माहौल पक्ष में न हो, चुनाव टाल दिए जाएं। योगी सरकार ने 24 दिसम्बर 2020 को एक शासनादेश जारी करके पंचायत चुनाव 6 महीने के लिए टाल दिए थे। तब कोरोना को ही कारण बताया गया था। अब फिर चुनाव से पहले ओमिक्रॉन का खतरा मंडरा रहा है, ऐसे में बहुत उम्मीद है कि अध्यादेश लाकर चुनाव टालने की कोशिश हो।

### लोकसभा का 2 बार बढ़ चुका है कार्यकाल

अध्यादेश का विकल्प इसलिए है क्योंकि ऐसा लोकसभा में किया जा चुका है। 1976 में लोकसभा का कार्यकाल 2 बार एक-एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया था। देश के संविधान में यह व्यवस्था है कि यदि सरकार चाहे तो वह देश में आपातकालीन परिस्थितियों में लोकसभा या विधानसभा का कार्यकाल एक बार में एक वर्ष तक बढ़ा सकती है। कोरोना को सरकार आपातकाल पहले ही घोषित कर चुकी है। 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से लोकसभा का कार्यकाल स्थाई रूप से 5 वर्ष से बढ़ा कर 6 वर्ष कर दिया गया। 4 फरवरी 1976 को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई। इसका मतलब यह हुआ कि पांचवी लोकसभा की अवधि बढ़कर 7 साल (6 साल सामान्य और 1 साल इमरजेंसी के कारण बढ़ाया गया) हो गई। यानी मार्च 1971 में गठित पांचवी लोकसभा का कार्यकाल मार्च 1978 तक होना था।

## देश में कोरोना से कुल मौतों में 35 फीसदी महाराष्ट्र में हुईं, यह उद्धव सरकार की बड़ी असफलता : फड़नवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस को अब भी इस बात का पछतावा है कि उन्होंने सुबह-सुबह मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। एनसीपी के अजीत पवार के



साथ सुबह-सुबह अपने विवादास्पद शपथ ग्रहण को लेकर महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें इसका हमेशा पछतावा रहेगा। फडनवीस ने उद्धव ठाकरे सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर कई मुद्दों को लेकर महा विकास अघाड़ी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा शिवसेना के विश्वासघात करने की वजह से हमने जैसे को तैसा जवाब देने के बारे में सोचा और अजित पवार के साथ सरकार बनाई, क्योंकि हमारी पीठ में छुरा घोंपा गया था। फडनवीस ने कहा कि मुझे हमेशा इसके लिए पछतावा होता है और यह भी लगता है कि यह हीं किया गया होता तो बेहतर होता। मुझे पता उस समय क्या हुआ था और किसने क्या किया था और मैं जल्द ही इस पर एक किताब लिखने जा रहा हूं। फडनवीस ने महाराष्ट्र में कोरोना की स्थिति को सही से नहीं संभालने के लिए उद्धव सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा राज्य में केवल एक सरकार है और कोई शासन नहीं है। राज्य सरकार ने 10,000 कोरोना से हुईं मौतों को छिपाया। सरकार ने कोविड की स्थिति से सफलतापूर्वक निपटने के लिए खुद की पीठ थपथपाई, मगर वे यह क्यों नहीं मानते कि देश में कुल कोविड मौतों में से 35 फीसदी अकेले महाराष्ट्र में हुईं? उन्होंने सरकार पर कोरोना काल के दौरान भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।




## अभिनेत्री कंगना को मिली जान से मारने की धमकी, बोली- गीदड़ भभकियों से नहीं डरती

### इंस्टा पर पोस्ट लिख सोनिया गांधी को दी सास इंदिरा गांधी की यह नसीहत

**मुंबई।** बॉलीवुड की मुखर अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों किसी बयान को लेकर नहीं बल्कि उनको जान से मारने की धमकी को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिख इस बात की जानकारी दी है कि जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। कंगना ने बताया कि धमकी देने वालों के खिलाफ एफआईआर लिखवा दी है। उन्होंने सोनिया गांधी को भी लिखा है कि अपने पंजाब के मुख्यमंत्री को निर्देश दें कि ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत ऐक्शन लें। बता दें कि कंगना ने मुंबई पर हुए आतंकी हमले पर एक पोस्ट



किया था। उनका कहना है कि इस पोस्ट के बाद ही उन्हें धमकियां मिल रही हैं। कंगना ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि मुंबई में हुए आतंकी हमले के शहीदों को याद करते हुए मैंने लिखा था कि गद्दारों को कभी माफ नहीं करना, ना ही भूलना। इस तरह की घटना में देश के अंदरूनी देशद्रोही ग़द्दारों का हाथ होता है। देशद्रोही गद्दारों ने कभी पैसे के लालच में तो कभी पद व सत्ता के लालच में भारत मां को कलंकित करने के लिए एक भी मौका नहीं छोड़ा, देश के अंदरूनी जयचंद और गद्दार षड्यंत्र रच देश विरोधी ताकतों को मदद करते रहे, तभी इस तरह की घटनाएं होती हैं। मेरे इसी पोस्ट पर मुझे विघटनकारी ताकतों की तरफ से निरंतर धमकियां मिल रही हैं।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दी गई मंजूरी




### 1500 करोड़ से बनेंगे 6 नए मेडिकल कॉलेज

### मंडला, सिंगरौली, श्योपुर, राजगढ़, नीमच, मंदसौर में बनेंगे मेडिकल कालेज भवन

**भोपाल।** प्रदेश के राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, श्योपुर और सिंगरौली में मेडिकल कालेज भवन के निर्माण को कैबिनेट ने मंगलवार प्रशासकीय स्वीकृति दे दी। 1500 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के इन भवनों को बनाने के लिए निर्माण एजेंसी का चयन अलग से किया जाएगा। यह जानकारी सरकार के प्रवक्ता नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को मीडिया को दी। मिश्रा ने 6 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के बाद से शिवराज सरकार बनने तक कांग्रेस सरकार में सिर्फ 5 मेडिकल कालेज ही थे, शिवराज सरकार में इसकी संख्या 20 हो गई है। जो 6 मेडिकल कालेजों को मंजूरी मिली है उनमें मंडला, सिंगरौली, श्योपुर, राजगढ़, नीमच, मंदसौर हैं। राशि क्रमशः 249.63 करोड़ रुपए, 258.07 करोड़, 256.83 करोड़ रुपए, 256.55, 253.7, 270.59 करोड़ रुपए। मिश्रा ने कहा कि मंडला, श्योपुर, मंदसौर यह जनजातीय बाहुल्य जिले हैं, जहां मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

बैठक में राज्य वित्त निगम द्वारा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) से लिए गए ऋण के निपटारे के लिए एकमुश्त समझौता योजना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इसके तहत निगम को सरकार 90 करोड़ रुपये लघु अवधि के लिए बतौर ऋण उपलब्ध कराएगी, जिससे वह सिडबी के ऋण का भुगतान करेगा। निगम शासन को यह राशि अपना नवनिर्मित व्यवसायिक कार्यालय भवन विक्रय करके देगा। विक्रय की यह प्रक्रिया लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा की जाएगी। मध्य प्रदेश राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) को प्रशासन अकादमी से अलग करके स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। संस्थान शैक्षणिक योजना, शैक्षणिक प्रबंधकीय क्षमता का विकास, शिक्षा से जुड़े अधिकारियों की क्षमता संवर्धन करना एवं प्रशिक्षण के लिए वातावरण का निर्माण करने में सहयोग प्रदान करना होगा।



**न्यूज़ ट्रैक....**

## श्रीसंत एक बार फिर खेलना चाहते हैं आईपीएल

**मुम्बई** । टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत एक बार फिर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना चाहते हैं। आईपीएल के 15 वें सत्र में आठ की जगह दस टीमें रहेंगी और ऐसे में कई नये खिलाड़ियों को इसमें अवसर मिल सकता है। इसके लिए श्रीसंत अब आईपीएल 2022 की नीलामी में अपना नाम दर्ज कराएंगे। श्रीसंत ने पिछले सत्र में भी वापसी का प्रयास किया था पर किसी भी टीम ने उन्हे नहीं खरीदा था। पिछले सत्र में इस खिलाड़ी ने अपनी न्यूनतम कीमत 75 लाख रुपये रखी थी। आईपीएल को लेकर श्रीसंत का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। इससे पहले आईपीएल 2013 में स्पॉट फिक्सिंग के एक मामले में नाम आने के बाद श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध भी लगा था पर अदालत से बरी हो जाने के बाद पिछले साल भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लोकपाल ने उन पर लगे प्रतिबंध को घटाकर सात साल का कर दिया था। इसके बाद श्रीसंत ने केरल के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। इस साल की शुरुआत में भी श्रीसंत मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में केरल की ओर से उतरे थे। विजय हजारे ट्रॉफी 2020-21 में श्रीसंत ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए छह मुकाबलों में 13 विकेट लिए थे। श्रीसंत साल 2007 के टी20 और 2011 के एकदिवसीय विश्व कप में विजेता रही भारतीय टीम में भी शामिल रहे हैं। श्रीसंत ने भारत की ओर से 27 टेस्ट, 53 एकदिवसीय और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय में भाग लिया है। टेस्ट मैचों में श्रीसंत के नाम 37.59 की औसत से 87 विकेट दर्ज हैं। वहीं एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में श्रीसंत ने 75 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में सात विकेट लिए हैं।

## अनिल धूपर स्पेन में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ की एजीएम में लेंगे भाग

**इन्दौर** । भारतीय टेनिस महासंघ तथा म.प्र. टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ ने वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। यह वार्षिक सभा 3 से 5 दिसम्बर तक स्पेन के मैड्रिड शहर में आयोजित की जाएगी। म.प्र. टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन ने बताया की धूपर इस सभा में शिरकत करने के साथ ही स्पेन में ही डेविस कप सेमीफायनल व फायनल मुकाबले के रूबरू साक्षी बनेंगे। अंतर्राष्ट्रीय संघ ने उन्हें डेविस कप मुकाबलों को देखने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। एजीएम में टेनिस नियमों सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। धूपर अपने समय के ख्यात खिलाड़ी रह चुके है और अब इसी खेल में बेहतर प्रशासक की भूमिका निभा रहे है।

# आरसीबी, केकेआर और पंजाब किंग्स आईपीएल में नये कप्तानों के साथ उतरेगी

**मुम्बई** । आईपीएल के अगले सत्र में कई टीमों में नये कप्तान नजर आयेंगे। इसका कारण यह है कि अगले सत्र में टीमों की संख्या बढ़ाकर दस कर दी जाएगी। ऐसे में कई खिलाड़ी मेगा नीलामी में उतरेंगे और टीमें उन्हें खरीकर कप्तान बनाएंगी। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम विराट कोहली की जगह किसी और उपयुक्त खिलाड़ी की तलाश कप्तान के लिए करेगी। विराट ने पहले ही कह दिया था कि वह 15 वें सत्र से कप्तान नहीं रहेंगे। इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स जैसी टीमें भी कप्तान बदल बदलेंगी। पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल ने टीम छोड़ने के संकेत पहले ही दे दिये हैं। वहीं आरसीबी और केकेआर भी नये कप्तान की तलाश कर रहे हैं।

पंजाब किंग्स के साथ चार सत्र के बाद राहुल नई टीम की तलाश कर रहे हैं और कथित तौर पर नई लखनऊ फ्रैंचाइजी द्वारा उन्हें कप्तानी विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक लखनऊ आईपीएल टीम ने राहुल के साथ अगले 3 सीजन के लिए एक डील तय कर ली है। विराट के बाद आईपीएल 2022 में आरसीबी की कप्तानी कौन करेगा यह भी आरसीबी को तय करना है। टीम ने संजय बांगर को अपने नए कोच के रूप में शामिल किया है, लेकिन कप्तान पर अभी सवाल बना हुआ है। कोहली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह टीम में बने रहेंगे। ग्लेन मैक्सवेल दूसरा बड़ा नाम होगा जिसे फ्रेंचाइजी बरकरार रखेगी। केकेआर का सत्र भी अब तक कठिन रहा है। आईपीएल 2021 केकेआर के लिए अच्छा नहीं रहा था। पहला चरण निराशाजनक रहने के बाद केकेआर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के चरण में चीजें काफी बदल गईं पर कप्तान इयोन मॉर्गन उसे जीत नहीं दिला पाये। मॉर्गन ने भले ही एक नेता के रूप में प्रदर्शन किया हो लेकिन उनका अपना फॉर्म अच्छा नहीं था। उन्होंने 17 मैचों में 11 की चौंकाने वाली औसत से 133 रन बनाए जिससे उनके आईपीएल भविष्य पर सवालिया निशान लग गया।



## एशियन मास्टर्स मैराथन का अगले साल भारत में आयोजन होगा

**नयी दिल्ली** । भारतीय मास्टर्स एथलेटिक्स संघ (एमएएफआई) अगले साल देश में एशियाई मास्टर्स मैराथन के शुरुआती सत्र का आयोजन करेगा।जानकारी के अनुसार 40 से अधिक एशियाई देशों के 35 वर्ष से अधिक आयु के एथलीटों के (धावक) मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ में भाग लेने की उम्मीद है। एमएएफआई ने कहा कि 2022 की अंतिम तिमाही में होने वाली दौड़ उच्चतम तकनीकी मानकों के अनुसार आयोजित होगी।एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स ने कहा, अक्टूबर 2021 में हुई बैठक में एएमए समिति ने एमएएफआई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन कर भारत को मेजबानी का अधिकार दिया।'उन्होंने कहा, एएमए इस आयोजन के लिए एमएएफआई को तकनीकी सहायता मुहैया करायेगा।

## वजय हजारे ट्रॉफी के लिए मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम घोषित

**आदित्य श्रीवास्तव को सौंपी कमान**

**इन्दौर** । म.प्र. क्रिकेट एसो. द्वारा विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मध्य प्रदेश की सीनियर क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान आदित्य श्रीवास्तव को सौंपी गई है। एमपीसीए के सचिव संजीव राव के अनुसार 8 से 14 दिस. तक राजकोट (गुजरात) में खेले जाने वाले सीमित ओवरों के इस टूर्नामेंट के लिए मध्य प्रदेश टीम घोषित कर दी गई है। आदित्य श्रीवास्तव को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि रजत पाटीदार को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। टीम में पाटीदार के अलावा वेंकटेश अय्यर व आवेश खान जैसे सितारा ख?लाड़ी के अलावा मिहिर हिरवानी, रमीज खान, शुभम शर्मा, पार्थ सहानी पर भरोसा जताया गया है। टीम में कुलदीप गेही व राकेश ठाकुर के रूप में दो नए चेहरे नज़र आ रहे है। हालांकि सारांश जैन, कुमार कार्तिकेय, अंकित शर्मा, पुनीत दाते, राहुल बाथम जैसे पुराने चेहरे भी टीम में बने हुए है।

### मध्य प्रदेश टीम इस प्रकार है

आदित्य श्रीवास्तव (कप्तान), रजत पाटीदार (उप कप्तान), वेंकटेश अय्यर, कुलदीप गेही, रमीज खान, शुभम शर्मा, पार्थ साहनी, राकेश ठाकुर, हिमांशु मंत्री (विकेट कीपर), मिहिर हिरवानी, सारांश जैन, कुमार कार्तिकेय, अंकित शर्मा, अवेश खान, कुलदीप सेन, पुनीत दाते, राहुल बाथम, अनुभव अग्रवाल, अभिषेक भंडारी

**सपोर्टिंग स्टॉफ :** चन्द्रकांत पंडित टीम के प्रमुख कोच है, जबकि बाला साहेब टाटे फिजियो, मयंक अग्रवाल ट्रेनर, जितेन्द्र दीयालानी वीडियो विश्लेषक व ऋतिक चटर्जी मसाजर के रूप में टीम के साथ होंगे।



*लंदन में ब्रिटेन की महिला टेनिस स्टार इमा रिडेकनू रोमानिया की इलीना के खिलाफ खेलती हुईं।*

**64वीं नेशनल पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप**

## मप्र अकादमी के उदित जोशी ने जीते स्वर्ण और रजत

**भोपाल** । मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 64वीं नेशनल पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप-2021 में एक स्वर्ण सहित कुल 4 पदकों पर कब्जा जमाया। अकादमी के उदित जोशी ने एक स्वर्ण, एक रजत और टीम इवेंट में दो कांस्य पदक मप्र ने जीते। चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली में 18 नवंबर से 6 दिसंबर तक किया जा रहा है। खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।



चैंपियनशिप में मप्र अकादमी के उदित जोशी ने 25 मीटर पिस्टल जूनियर सिविलियन के इंडिविजुअल में 575.17 अंकों के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा के अभिमन्यु यादव ने 575.15 अंकों के साथ रजत और तमिलनाडु के ए महेश पशुपति ने 574.14 अंकों के साथ कांस्य अपने नाम किया। वहीं, 50 मीटर पिस्टल जूनियर सिविलियन में मप्र के उदित जोशी ने 541.9 अंकों के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया। स्पर्धा का स्वर्ण दिल्ली के अर्जुन छिल्लर 548.8 अंकों के साथ और कांस्य उत्तर प्रदेश के अक्षत वर्मा ने 541.5 अंकों के साथ अपने नाम किया।

टीम इवेंट 25 मीटर पिस्टल जूनियर सिविलियन में मप्र के उदित जोशी, हरिओम, अक्शद तांबे की तिक?ी ने 1703 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। स्पर्धा का स्वर्ण 1714 अंकों के साथ हरियाणा और रजत पदक 1704 अंकों के साथ पंजाब ने अपने नाम किया। टीम इवेंट 50 मीटर पिस्टल जूनियर पुरूष में मप्र की टीम ने कांस्य पदक जीता। मप्र के उदित जोशी, हनी जाट, हरिओम की टीम ने 1597 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। स्पर्धा का स्वर्ण दिल्ली ने 1649 और रजत पंजाब ने 1612 अंकों के साथ अपने नाम किया।

## शिवरामकृष्णन के साथ हुआ था भेदभाव

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर एल शिवरामकृष्णन ने खुलासा किया है कि उन्हें भी अपने करियर के दौरान भेदभाव का सामना करना पड़ा है। शिवरामकृष्णन ने कहा रंग के कारण मेरी आलोचना की गई है और भेदभाव किया गया है पर इससे मुझे परेशानी नहीं हुई। दुखद बात यह रही कि यह अपने ही देश में हुआ। शिवरामकृष्णन ने भारत के लिये नौ टेस्ट और 16 वनडे खेल चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट को सुर्खियों में लाने वाले नस्लवाद प्रकरण को लेकर अपने अनुभव का खुलासा करते हुए ट्विटर पर लिखा, ''मुझे अपनी पूरी जिंदगी रंग के कारण भेदभाव और आलोचना का सामना करना पड़ा है, इसलिये यह मुझे अब परेशान नहीं करता। दुर्भाग्य से यह मेरे अपने देश में हुआ।'' गौरतलब है कि शिवरामकृष्णन से पहले तमिलनाडु के सलामी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने भी साल 2017 में सोशल मीडिया पर यह भेदभाव का मामला उठाया था। मुकुंद ने भी भारत के लिये सात टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने ट्विटर पेज पर एक बयान पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, ''मैं 15 साल की उम्र से देश के अंदर और बाहर यात्रा करता रहा हूं। जब से मैं युवा था, तब से रंग के कारण भेदभाव झेलता रहा ।''

**व्यापारन्यूज**

## रुपया बढ़त के साथ खुला



**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपये में तेजी आई है और यह बढ़त के साथ खुला है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया 21 पैसे की तेजी के साथ ही 74.86 प्रति डॉलर पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से रुपये की धारणा कमजोर हुई है। इसी के साथ ही अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.91 प्रति डॉलर पर खुला। वहीं बाद में यह और सुधार के साथ ही 74.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले कारोबारी सत्र के बंद स्तर की तुलना में यह 21 पैसे की बढ़त पर है जबकि गत दिवस रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ ही 75.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह इसका पांच सप्ताह का सबसे निचला स्तर है। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दिखान वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी के नुकसान के साथ ही 96.14 पर आ गया।

## सोने-चांदी में आई तेजी



**नई दिल्ली** । घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमतों भारी उछाल आया है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 242 रुपये महंगा हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी में सोना सोमवार को 242 रुपये की तेजी के साथ 47,242 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं यह पिछले कारोबारी दिवस को 47 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर चांदी की कीमत में भी सोमवार को 543 रुपये का उछाल आया। इसके बाद दिल्ली में चांदी 62,248 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। चांदी पिछले कारोबारी सत्र में 61,705 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## ट्विटर के सीईओ जैक डोर्सी ने पद छोड़ा, पराग अग्रवाल लेंगे उनका स्थान

**नई दिल्ली** । सोशल मीडिया के मशहूर प्लेटफार्म ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने खुद ट्वीट कर के इस बात की जानकारी दी। उनके बाद कंपनी के सीटीओ पराग अग्रवाल ट्विटर के नए सीईओ होंगे। जैक डोर्सी ने अपने ट्वीट में लिखा- पता नहीं किसी को इस का पता है या नहीं, लेकिन मैंने ट्विटर से इस्तीफा दे दिया है। अपने ट्वीट के साथ उन्होंने एक चिट्ठी भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है कि उन्होंने कंपनी के सह-संस्थापक से लेकर सीईओ, अध्यक्ष, अंतरिम सीईओ जैसी तमाम भूमिकाएं निभाईं। अब उन्होंने 16 साल कंपनी को देने के बाद इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके बाद कंपनी के सीटीओ पराग अग्रवाल ट्विटर के अगले सीईओ होंगे। जैक डोर्सी के इस्तीफा देने के बाद पराग अग्रवाल ने भी एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि जैक और हमारी पूरी टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने आगे लिखा कि वह भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही उन्होंने सभी के साथ और उन पर भरोसा करने के लिए सबको धन्यवाद कहा। जैक डोर्सी को ट्विटर के सीईओ पद से इसलिए इस्तीफा देना पड़ा क्योंकि वह एक वित्तीय भुगतान कंपनी स्क्वायर के भी सीईओ हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही और यह ऊपर आया है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन आई टी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस (इंफोसिस) और बजाज फाइनेंस (बजाज फाइनेंस ) के शेयरों में बढ़त से बाजार की अच्छी शुरुआत हुई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार के दौरान ही 504.75 अंक करीब 0.88 फीसदी ऊपर आकर 57,765.33 अंक पर पहुंच गया। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 149.65 अंक तकरीबन 0.88 फीसदी उछलकर 17,203.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड के शेयर में सबसे ज्यादा पांच फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा , बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व , एसबीआई), टीसीएस और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर डॉ. रेड्डीज का शेयर घाटे में रहा। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 153.43 अंक करीब 0.27 फीसदी की बढ़त के साथ ही 57,260.58 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 27.50 अंक करीब 0.16 फीसदी के लाभ के साथ ही 17,053.95 अंक पर पहुंच गया।



## एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

टोक्यो । एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिश्रित कारोबार हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेत मिले हैं। एसजीएक्स निफ्टी में 10.00 अंक की गिरावट आई है। वहीं, निक्केई करीब 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ ही 28,498.91 पर नजर आ रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 0.13 फीसदी की कमी आई है। ताइवान का बाजार 0.79 फीसदी बढ़कर 17,465.75 के स्तर पर कामकाज कर रहा है। हैंगसेंग 1.42 फीसदी की गिरावट के साथ 23,513.34 के स्तर पर नजर आया है। वहीं, कोस्पी में 1.10 फीसदी की गिरावट आई है। शंघाई कम्पोजिट 0.15 फीसदी ऊपर आकर 3,565.48 के स्तर पर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर दुनियाभर के बाजारों से संकेत अच्छे नजर आ रहे है। डॉओ भी 140 अंक ऊपर कारोबार कर रहा है। कल अमेरिकी बाजारों में अच्छा सुधार देखा गया। यह सवा 200 अंक बढ़कर बंद हुआ था। शुक्रवार की गिरावट के बाद अमेरिकी बाजारों में अच्छा सुधार आया है। डाओ 236 अंकों की तेजी के साथ 35,136 पर बंद हुआ। वहीं एसएंडपी में 1.3 फीसदी ह्वस्र्ष्ठड्डह्नक्क1.8 फीसदी बढ़त आई थी और यह 15,783 के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी तेजी देखी गयी थी।

## आईपीओ से पहले कोटक बैंक में अपना हिस्सा बढ़ाएगी एलआईसी, आरबीआई ने दी हरी झंडी

**नई दिल्ली** । देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी इस वित्त वर्ष के अंत तक अपना आईपीओ ला सकती है। इससे पहले वह निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगी। इसके लिए उसे रिजर्व बैंक से हरी झंडी मिल गई है। कोटक महिंद्रा बैंक ने आज शेयर एक्सचेंजेज को यह जानकारी दी। एलआईसी बैंक में अपनी हिस्सेदारी 9.99 फीसदी तक बढ़ा सकती है। इस साल 30 सितंबर तक कोटक महिंद्रा बैंक में एलआईसी की हिस्सेदारी 4.96 फीसदी थी। आरबीआई की मंजूरी एक साल तक के लिए मान्य है। बैंक ने बताया कि उसे एलआईसी की तरफ से आरबीआई की मंजूरी के बारे में जानकारी मिली है। एलआईसी इस निजी बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर उसकी चुकता शेयर पूंजी के 9.99 फीसदी के बराबर कर सकती है।

बीएसई पर कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 3 फीसदी से अधिक तेजी के साथ 2023.05 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। एलआईसी के चेयरमैन एमआर कुमार का कहना है कि एलआईसी के आईपीओ की तैयारियां जोरों से चल रही है। एलआईसी के आईपीओ से पॉलिसी धारक, निवेशक और पूंजी बाजार में बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव देखे जा सकते हैं। एलआईसी आईपीओ को लेकर सरकार जल्द सेबी के पास डीएचआरपी दाखिल कर सकती है। इसकी डेडलाइन जनवरी 2022 मानी जा रही है।

## भारत में 26वें दिन भी पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली** । कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से कच्चे तेल का बाजार अभी भी प्रभावित है। इससे पहले शुक्रवार का दिन दुनिया भर के बाजार के लिए बेहद खराब रहा था। हालांकि, बीते सोमवार को सुबह के सत्र में कच्चा तेल बाजार करीब पांच फीसदी चढ़ा था। लेकिन, शाम होते-होते इस स्तर पर रह नहीं पाया। इस दिन कारोबार की समाप्ति पर डब्ल्यूटीआई क्रूड 69.95 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर हुआ। घरेलू बाजार में देखें तो यहां पेट्रोल-डीजल की कीमत में आज लगातार 26वें दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इंडियन ऑयल के पंप पर मंगलवार को पेट्रोल की कीमत 103.97 रुपए और डीजल की कीमत 86.67 रुपए पर स्थिर रही। बीते सितंबर महीने की 28 तारीख को पेट्रोल जहां 20 पैसे महंगा हुआ था वहीं डीजल भी 25 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। दरअसल, सितंबर के अंतिम दिनों से जो पेट्रोल की कीमतें बढ़नी शुरू हुई, वह पिछले कुछ दिनों से थमी हुई हैं। ये कीमतें केंद्र सरकार की तरफ से उत्पाद शुल्क कटौती और फिर राज्यों की तरफ से वैट कटौती के बाद नहीं बदली हैं। पेट्रोल की कीमतों में देखें तो इस कटौती से पहले पेट्रोल करीब 8.15 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका था। हालांकि बीते सात नवंबर से इसके दाम स्थिर हैं। पिछले महीने पेट्रोल के मुकाबले डीजल का बाजार ज्यादा तेज हुआ था। कारोबारी लिहाज से देखें तो पेट्रोल के मुकाबले डीजल बनाना महंगा पड़ता है।

**-97 लाख करोड़ के भारतीय बाजार पर कब्जे की लड़ाई**

## रिटेल मार्केट में ऐमजॉन के विरुद्ध अंबानी को मिला मैसेजिंग एप वाट्सएप का साथ

**नई दिल्ली।** भारत के खुदरा बाजार (रिटेल मार्केट) में अपनी अधिपत्य जमाने के लिए दुनिया की कई कंपनियों सक्रिय है। लेकिन मुख्य मुकाबला एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की जियोमार्ट, जेफ बेजोस की ऐमजॉन और वॉलमार्ट के निवेश वाली फ्लिपकार्ट के बीच है। इस मुकाबले में अंबानी को अब लोकप्रिय मैसेजिंग एप व्हाट्सएप का साथ मिल गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय ग्राहक अब का इस्तेमाल करके जियोमार्ट के जरिए ग्रॉसरी मंगा सकते हैं। इसके लिए उन्हें व्हाट्सएप पर नए टेप एंड चेट ऑप्शन का इस्तेमाल करना होगा। इसमें डिलिवरी फ्री है और मिनिमम ऑर्डर वैल्यू का झमेला नहीं है। ग्राहक इसके जरिए फल, सब्जी, अनाज, टूथपेस्ट और पनीर और बेसन मंगा सकते हैं। कस्टमर एप में शॉपिंग बास्केट्स फिल कर सकते हैं और जियोमार्ट के जरिए पेमेंट कर सकते हैं। ऑर्डर मिलने पर भी कैश पेमेंट किया जा सकता है।

अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कुछ साल पहले टेलिकॉम सेक्टर में तहलका मचा दिया था। अब देश के ई-कॉमर्स क्षेत्र में दबदबे के लिए भी कंपनी यह रणनीति अपना रही है। 19 महीने पहले मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने रिलायंस की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स में करीब 6 अरब डॉलर का निवेश किया था। मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक को पहले फेसबुक इंक के नाम से जाना जाता था। आज जियो देश की सबसे बड़ी मोबाइल ऑपरेटर है जबकि रिलायंस रिटेल देश की सबसे बड़ी ब्रिक एंड मोर्टार स्टोर चेन है। देश में व्हाट्सएप के 53 करोड़ यूजर्स हैं जबकि जियो के ग्राहकों की संख्या 42.5 करोड़ है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के मुताबिक भारत की रिटेल बाजार 2025 तक 1.3 लाख डॉलर यानी करीब 97 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इसमें से आधा से अधिक हिस्सा फूड और ग्रॉसरीज का है। रिलायंस ने हाल में सस्ता स्मार्टफोन उतारकर इस बाजार में बड़ी हिस्सेदारी कब्जाने की तैयारी कर ली है। इस फोन को गूगल के साथ मिलकर बनाया गया है। इसमें जियोमार्ट और व्हाट्सएप प्रीलोडेड हैं। गूगल ने भी पिछले साल जियो में 4.5 अरब डॉलर का निवेश किया था।

# यातायात में बाधित रहे मंदिर पर चली हिटैची





## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर जिलाध्यक्ष ने किया कोतवाली में धरना प्रदर्शन

**भिण्ड।** भिंड शहर के धनवंतरी कॉम्प्लेक्स के पास स्थित मंदिर को विधि विधान के बिना ही तोड़ने को लेकर 30 नवंबर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस एवं प्रशासन के सामने विरोध प्रकट किया तो पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। उक्त मामले को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कोतवाली पहुँचकर न सिर्फ सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नारेबाजी की बल्कि बिना किसी शर्तों के उन्हें रिहा करने के लिए भी कहा। इस बीच जिला अध्यक्ष के साथ गोहद विधायक मेवाराम जाटव भी उपस्थित रहे।

### विधायक ने गोहद थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस के गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने एसपी मनोज कुमार को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार द्वारा क्षेत्र में अवैध वसूली की जा रही है।वही थाना प्रभारी के संरक्षण में गिट्टी के क्रेसर चलवाये जा रहे हैं।वही थाना प्रभारी कि सह पर क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अफीम, गांजा, चरस जैसे व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है।आलम यह है कि क्षेत्र के युवा इस लत के दिन प्रतिदिन शिकार हो रहे हैं। इसलिए ऐसे थाना प्रभारी पर कार्रवाई करते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए। जिससे इन मादक पदार्थों के विक्रय पर रोक लग सके। वही विधायक मेवाराम जाटव ने कहा मुझे विपक्ष का विधायक होने का दंश झेलना पड़ रहा है।

### जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा करने को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने एसपी को ज्ञापन सोपते हुए कहा कि किसी भी बुद्धिजीवी वर्ग से चर्चा किए बिना ही प्रशासन ने मंदिर को हटाने का काम किया करता हूं वही बिना कारण जिन कांग्रेश कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।उन्हें तत्काल प्रभाव से बिना किसी शर्तों के रिहा किया जाए नहीं तो पूरे जिले भर में कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

### ज्ञापन प्राप्त करते ही एसपी ने दिखाई गंभीरता

ज्ञापन प्राप्त करते ही एसपी मनोज कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कांग्रेश कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्तों के रिहा करने का आदेश दिया वही गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार पर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। खिजर मोहम्मद कुरेशी,धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन में मुख्य रूप से बृजेंद्र सिंह कल्लू,अनिल भारद्वाज रॉकी तोमर,ममता मिश्रा, रेखा भदौरिया, वीरेंद्र यादव, समीर भदौरिया, राजवीर खन्ना हरनारायण शर्मा, दीपू दुबे, राजेंद्र परिहार, अरविंद सोनी के अलावा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नवयुवक यक्ति की लास मिली नेशनल हाइवे 719 पर

**मेहगांव।** मेहगांव नव युबक की डेडबॉडी नेशनल हाइवे के किनारे पीस कॉलेज के पास खंती में पड़ी मिली मृत अवस्था मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सन्तोष जैन पुत्र सुमेर चन्द्र जैन उम्र 40 वर्ष निबासी बार्ड न, 6 गांधी रोड़ मेहगांव के नाम से पहचान हुई मृतक के घरबालो ने बताओ कि सन्तोष रात 8 बजे घर से निमंत्रण खाने की कहकर निकला था सुबह पुलिस को सूचना मिली कि हाइवे 719 के किनारे पीस कॉलेज के पास किसी अज्ञात व्यक्ति की डेडबॉडी पड़ी हैं पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिये डेडबॉडी हॉस्पिटल भेजकर मर्ग कायम कर विवेचना सुरु कर दी मृतक की आल्टो कार गल्लामंडी में पुलिस को खड़ी मिली हैं मृतक सन्तोष जैन के गले मे निसान मिले है जिससे लगता हैं कि सन्तोष की किसी ने हत्या कर रोड़ के किनारे फेक दिया है अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि सन्तोष जेन की मौत कैसे हुई?

## बुलेरो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के मुडिया खेरा चौराहा के आगे अटेर रोड पर एक बुलेरो के चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक बाइक चालक युवक के टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटे आई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर 3 बजे परमालसिंह पुत्र रामप्रसाद नरवरिया ने बताया क्षेत्र के मुडिया खेरा चौराहा के आगे अटेर रोड होते हुए उसका लड़का बाइक से जा रहा था।

## नैनो न्यूज

### दंदरौआ धाम में चल रही श्रीमद भागवत कथा में समाजसेवी नाथूराम चुरारिया ने किया भंडारे का आयोजन

**मेहगांव।** मेहगांव स्थित दंदरौआ धाम में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में ब्राह्मण महासभा सनातन के प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी नाथूराम चुरारिया तेजपुरा के द्वारा सभी भक्तों व श्रद्धालुओं को अपनी तरफ से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नाथूराम चुरारिया सदैव ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में आगे रहते है कोरोना काल के समय जब सभी नेता घरों में थे उस दौरान भी चुरारिया के द्वारा बेहद प्रशंसनीय कार्य किया गया। भंडारे के दौरान हजारों संतों ने, श्रद्धालुओं ने एवं भक्तों को भंडारा प्रसाद ग्रहण कराकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामदास महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।



### पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के ग्राम डांग नरुआ में एक महिला की पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विमला पत्नी राजेश जाटव उम्र 37 वर्ष निवासी डांग नरुआ पुरा ने बताया मंगलवार दोपहर 12 बजे उसी गांव निवासी राजबहादुर, कोकसिंह, हरविलास जाटव ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### भैंस बांधने को लेकर महिला के साथ मारपीट

**भिण्ड।** बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरा में भैंस बांधने को लेकर एक महिला ने एक युवक का झगड़ा शुरु हो गया और युवक ने गाली-गलौज करते हुए महिला की मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर 1 बजे फूलवती पत्नी रामपाल निवासी रैपुरा ने बताया उसी गांव निवासी सोबरन नरवरिया जबरन भैंस बांध रहा था, जब उसने मना किया तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पिता-पुत्र ने युवक को घेरकर पीटा फिर कट्टे से गोली मारी

**भिण्ड।** उमरी थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते पिता-पुत्र ने एक युवक को बेरहमी से पीटा। इसके बाद भी उनका दिल नहीं भरा तो उन्होंने जानलेवा प्रयास करते हुए कट्टे से गोली मार दी। गोली लगने से युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना को अंजाम देकर आरोपीगण मौके से फरार हो गए। उमरी थाना पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले की पडताल में जुटी हुई है।

# सिंधिया परिवार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सुख दुख में खड़ा रहेगा: युवराज सिंधिया

### विकास और प्रगति के लिए सिंधिया परिवार ने हमेशा योगदान दिया : ओ पी एस भदौरिया

भिण्ड। केंद्र में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में केंद्रीय विमान उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र युवराज महाआर्यमन सिंधिया अपने एक दिवसीय का कार्यक्रम के तहत मेहगांव पहुंचे जहां प्रदेश सरकार मैं नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ अपने निवास स्थान विश्राम ग्रह पर उनका भव्य स्वागत करते हुए अगुवानी की। युवराज आर्यमन सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करता रहा है और आगे भी पूर्ण आशा और विश्वास के साथ शामिल होता रहेगा, राजनीति जनसेवा का माध्यम है यही भाव लेकर मेरे पूज्य पिताजी ज्योतिरादित्य सिंधिया विकास के लिए कार्य कर रहे हैं आप लोगों ने जो मेरा स्वागत सम्मान किया है जिसे मैं अपने हृदय में हमेशा बनाए रखूंगा और एक पारिवारिक रिश्ते को हमेशा कायम बनाऊंगा। युवराज आर्यमन सिंधिया स्वागत सत्कार सम्मान में राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि सिंधिया परिवार का हमेशा मैं ऋणी रहूंगा जिन्होंने विकास और प्रगति के लिए हमेशा जनता का साथ देकर ग्वालियर चंबल संभाग को विकास को गति प्रदान करते हुए कार्य किया और उन्होंने कांग्रेस की 15 माह की कमलनाथ सरकार को दरकिनार करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाकर मेहगांव क्षेत्र के विकास को गति प्रदान की। मैं आशा और विश्वास के साथ यह कह सकूंगा कि जो सम्मान मुझे भाजपा में मिला है वह कांग्रेस में कभी नहीं मिला। भारतीय जनता पार्टी अनुशासित कार्यकर्ताओं की पार्टी है और सबकी साथ लेकर इस मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। राज्यमंत्री भदौरिया ने अपने निवास पर युवराज को राम दरबार की प्रतिमा और तलवार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सभी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ साथ उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर रिंकू भदौरिया अजीत सिंह कुशवाह एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे।



## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 175 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 175 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में सहायक संचालक जनसंपर्क अरूण शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनवाने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदकों को उनके द्वारा दिए गए आवेदनों की पावती उपलब्ध कराई।



## आज जिले में कोविड वैक्सीन द्वितीय डोज टीकाकरण महाअभियान का आयोजन

### द्वितीय डोज हेतु ड्यू सभी व्यक्ति अनिवार्य रूप से करवायें अपना टीकाकरण

भिण्ड । कोविड वैक्सीन टीकाकरण अंतर्गत 01 दिसम्बर 2021 को द्वितीय डोज टीकाकरण महाअभियान का प्रदेश के साथ जिले में भी वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है इसके साथ निरन्तर भी कोविड टीकाकरण जारी है। टीकाकरण अभियान अंतर्गत कोविड वैक्सीन के द्वितीय डोज हेतु ड्यू व्यक्तियों के टीकाकरण का वृहद् अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने सभी जिले वासियों से अपील है कि द्वितीय डोज हेतु ड्यू सभी आमजन अनिवार्य रूप से कोविड वैक्सीन का द्वितीय डोज अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर लगवाये। जिन्हें कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला टीका लगवाये 84 दिन या उससे अधिक समय हो गया है तथा जिन्हें कोवैक्सीन का पहला टीका लगवाये 28 दिन या उससे अधिक समय हो गया है ऐसे सभी व्यक्ति अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर पहुँच अपना टीकाकरण अनिवार्य रूप से करवाये। कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण से पूर्ण सुरक्षा हेतु दो डोज लगवाना आवश्यक है। इसके लिए जिले में निरन्तर टीकाकरण हो रहा है। जिले के सभी नागरिक नजदीक के टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचकर अपना सेकंड डोज लगवाना सुनिश्चित कर सम्पूर्ण सुरक्षा प्राप्त करें

## कोविड टीकाकरण के संबंध में कोई भी जानकारी हेतु अधिकारी/ कर्मचारियों के मोबाईल नम्बरो पर संपर्क करें

**भिण्ड ।** 01 दिसम्बर 2021 को नीचे तालिका में दर्शाऐ गये वैक्सीनेशन सत्र स्थलों पर होगा वैक्सीनेशन, जिला स्वास्थ्य समिति भिण्ड ने आम जनता से आवाहन किया है कि जो लोग अभी तक कोविड वैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज से वंचित है। वे शीघ्र से शीघ्र निर्धारित अपने नजदीक वैक्सीनेशन सत्र स्थलों पर पंहुच कर अपना-अपना वैक्सीनेशन कराऐं। यदि आपको वैक्सीनेशन के सम्बंध में कोई भी परेशानी है तो आप तालिका में दर्शाऐ गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल पर सम्पर्क कर अपनी परेशानी का समाधान कर सकते हैं। वेक्सीनेशन हेतु वार्ड नं. 30/2 डॉ. मनीष श्रीवास्तव 7697617842, वार्ड नं. 39/6 डॉ. मनोज अटल 9131724610, वार्ड नं. 25/1 डॉ. शरद जैन 7987304487, वार्ड नं. 22/2 डॉ. इब्राहिम खांन 9479350919, वार्ड नं. 10/3 डॉ. बृजभान सिंह 7828318097, वार्ड नं. 11/6 डॉ. बृजबाला अहिरवार 7222976824, वार्ड नं. 06/2 डॉ. नरेन्द्र करोसिया 8962541991, सेक्टर नं. 01, ट्रामा सेंटर एवं अटल रैन बसेरा, जिला चिकित्सालय भिण्ड डॉ. अरविंद शर्मा 7000603291, सेक्टर नं. 02, शहरी प्राथ. स्वा. केन्द्र विक्रमपुरा भिण्ड मंजू तोमर 7974693081, राखी पाल 9754646865, सेक्टर नं. 03, सिविल डिस्पेंसरी गर्ल्स स्कूल भिण्ड राघवेन्द्र द्विवेदी 7489391600, निर्मला अटल 6260689722, सेक्टर नं. 04, शहरी प्राथ. स्वा. केन्द्र भवानीपुरा भिण्ड डॉ. दलवीर राजौरिया 8819997930, गायत्री बघेल 7400798589, सेक्टर नं. 05, मैटरनिटी वार्ड।

## शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ जारी रहेंगी सभी कॉलेज/वि.वि में शैक्षिक गतिविधियाँ

**भिण्ड ।** प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत भौतिक उपस्थिति के साथ शैक्षणिक गतिविधियाँ जारी रहेंगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ पुस्तकालय एवं स्नातक/स्नातकोत्तर सभी कक्षाओं के लिये छात्रावास खोले जाने और मेस व्यवस्था भी सुचारु रूप से चालू रहेगी। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम और बचाव के लिये विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और छात्रावास में 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं और समस्त स्टॉफ को वैक्सीन के दोनों डोज लगाना अनिवार्य होगा। प्राचार्य द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ऐसे शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ, जिन्हें दोनों टीके नहीं लगे हैं, उन्हें दोनों टीके लगवाये जायें। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, यह सुनिश्चित किया जाये कि वे पूरी तरह से स्वस्थ हों। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्रवेश-द्वार पर प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों का शारीरिक तापमान लिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

# कलेक्टर ने रोजगार, स्वरोजगार एवं ओडीओपी आदि योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में पीएम स्वनिधि, सीएम स्वनिधि, स्वरोजगार योजना, स्ट्रीट वेंडर एवं मुद्रा योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं के संबंध में संवंधित विभाग एवं सभी बैंकर्स की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले, एलडीएम प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पीएम स्वनिधि, सीएम स्वनिधि, स्वरोजगार योजना, स्ट्रीट वेंडर एवं मुद्रा योजना में प्रगति कम रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संवंधित विभाग एवं बैंकर्स को प्रगति लाकर दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने एक जिला एक उत्पाद की भी समीक्षा कर उसमें भी प्रगति लाने निर्देशित किया।



## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**भिण्ड ।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की सलाहकार समिति की बैठक कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर.ए.शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य द्वारा की गई इस समिति में सदस्यों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में गत माहो में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। सौरभ खंडेलवाल ने पर्यावरण की आवश्यकता पर बल दिया सुमन पाल ने कहा कि लैंगिक समानता होनी चाहिए तथा बच्चों के प्रति क्रूरता के अधिनियम का कड़ाई से पालन होना चाहिए प्रोफेसर ममता भदौरिया ने पर्यावरण प्रदूषण के दूर करने के उपाय बताएं। व्यवसायी अनिल शाक्य ने स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता पर बल दिया तथा कहा कि स्वयं के उधम को भी स्थापित किया जा सकता है। प्रोफेसर अभिषेक ने युवा वर्ग को वोटर कार्ड बनवाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए जोर दिया सदस्य बृजेश मित्तल ने कोरोना के नये वेरिएंट से सावधान रहने की बात रखी कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर.ए. शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



## सोनिया-ममता में ठनी

संसद के मानसून सत्र में पेगासस और किसान आंदोलन जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए एक साथ आने वाली कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस की राहें शीतकालीन सत्र में जुदा रहने वाली हैं। पहले खुद टीएमसी चीफ ममता बनर्जी दिल्ली दौरे पर सोनिया गांधी से न मिलकर यह संकेत दे चुकी हैं और अब कांग्रेस की तरफ से संसद की रणनीति बनाने को लेकर बुलाई गई विपक्षी पार्टियों की बैठक में भी तृणमूल कांग्रेस शामिल नहीं होगी। हालांकि, टीएमसी ने रविवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया। इससे एक बार फिर से यह स्पष्ट है कि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ऐसा एक भी संकेत नहीं देना चाहती, जिससे यह लगे कि उसे कांग्रेस की अगुवाई मंजूर है। इससे पहले ममता बनर्जी से उनके दिल्ली दौरे पर जब यह सवाल किया गया था कि वह सोनिया गांधी से क्यों नहीं मिलीं तो उन्होंने जवाब दिया था कि इसकी कोई योजना नहीं है, क्योंकि वे पंजाब चुनाव में व्यस्त हैं। बाद में, उन्होंने कहा, हमें हर बार सोनिया से क्यों मिलना चाहिए? यह संवैधानिक रूप से अनिवार्य नहीं है। उनकी टिप्पणी उनकी पार्टी के एक बड़े विस्तार की होड़ के बीच आई थी। इसके बाद कांग्रेस के कई नेता टीएमसी में शामिल हो गए। जिसमें अशोक तंवर और कीर्ति आजाद भी हैं। सही मायने में देखें तो अब दीदी की नजर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर है। लक्ष्य दीर्घकालिक है और पार्टी का आक्रामक विस्तार वक्त की मांग है। ममता की आक्रामकता से अभी इससे सबसे ज्यादा किसी की चिंता बढ़ी है तो वह हैं सोनिया गांधी और कांग्रेस। कांग्रेस खेमे में खलबली सी मची है। फिलहाल यह सोनिया गांधी बनाम ममता बनर्जी के बीच शीतयुद्ध का रूप ले चुका है। 2024 को मोदी बनाम ममता में तब्दील करने का टीएमसी का रास्ता क्यों पहले सोनिया बनाम ममता से होकर जाता है। सोनिया गांधी से ममता बनर्जी के रिश्ते अच्छे रहे हैं। लेकिन ममता बनर्जी मिशन दिल्ली की राह में निजी रिश्तों को आड़े नहीं आने दे सकतीं। निजी रिश्ते अपनी जगह, राजनीति अपनी जगह। मुलाकात लायक माहौल भी तो होना चाहिए। जिस तरह टीएमसी कांग्रेस के भीतर तोडफ़ोड़ में जुटी है, वैसे वक्त में सोनिया-ममता मुलाकात के लिए माहौल तो कतई नहीं है। सोनिया से कन्नी काटने के बाद ममता मुंबई गईं। वहां एनसीपी चीफ शरद पवार और शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे से मिलीं। ममता अब विपक्षी एकता की धुरी बनना चाहती हैं, नरेंद्र मोदी के मुकाबिल विपक्ष का चेहरा बनना चाहती हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी तरफ से पूरी ताकत झोंके हुए हैं। हालांकि, प्रियंका खुद को यूपी तक ही सीमित रखी हैं। बात अगर मोदी सरकार से लोहा लेने की हो तो फिलहाल विपक्ष में राहुल गांधी से बड़ा कोई चेहरा नहीं है। उन्होंने इसे साबित भी किया है। हर बार उन्होंने फ्रंट पर रहकर मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। संसद के भीतर भी, सदन के बाहर भी। कुछ मौकों पर सरकार को झुकाया भी है। भूमि अधिग्रहण और कृषि कानून के मसले पर मोदी सरकार को यू-टर्न लेना पड़ा। इन दोनों ही मुद्दों पर अगर कोई पार्टी या पॉलिटिशियन सबसे ज्यादा हमलावर था तो वह बिना शक राहुल गांधी ही थे। यूपी में चुनाव से पहले तो हर पार्टी अपनी ताकत झोंकेगी लेकिन सड़क पर उतरकर योगी सरकार को घेरने में प्रियंका-राहुल ही सबसे आगे रहे। देश के सबसे बड़े सूबे में पार्टी भले ही वजूद की लड़ाई लड़ रही हो लेकिन लडऩे का माद्दा तो मुख्य विपक्षी का दिखाया है। भाजपा हर बार दिखाने की कोशिश करती है कि वह राहुल को चुनौती ही नहीं मानती, उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। लेकिन देश ने यह भी देखा है कि कांग्रेस नेता के हमलों के ठीक बाद काउंटर के लिए किस तरह केंद्रीय मंत्रियों की फौज उतरती है। दूसरी ओर, यह भी उतना ही सच है कि राहुल गांधी की खुद की पार्टी पर पकड़ कमजोर हुई है।

# रस्सी तो जल गयी मगर ऐंठन नहीं गयी

**तनवीर जाफ़री**

स्वतंत्र भारत के इतिहास में चले सबसे बड़े व संयुक्त किसान आंदोलन ने आख़िरकार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर ही दिया। देश का एक बड़ा %भोंपू वर्ग % जो बहुमत की मोदी सरकार तथा इसपर पड़ रही पूंजीपतियों की गहरी छाया,साथ साथ प्रधानमंत्री के सख़्त स्वभाव पर विश्वास किये बैठा था वह ज़रूर इस मुग़ालते में था कि तीनों कृषि क़ानून वापस नहीं होने वाले। परन्तु इसी देश में एक बड़ा वर्ग ऐसा भी था जिसे देश के किसानों की ताक़त पर पूरा भरोसा था,वह जानता था कि किसान, सरकार से अपनी मांगे पूरी करवाये बिना दिल्ली की सरहदों से %घर वापसी % करने वाले नहीं हैं। और आख़िरकार जीत देश की अन्नदाताओं की ही हुई। एक वर्ष तक चले इस आंदोलन में तीनों कृषि क़ानूनों की वापसी के बावजूद किसान अब फ़सल के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी,तथा आंदोलन के दौरान उपजी अनेक परिस्थितिजन्य मांगों को लेकर अभी भी %दिल्ली द्वार % पर डटे हुये हैं। तीनों कृषि क़ानूनों पर सरकार के पीछे खिसकने के बाद अब किसानों का मानना है कि यदि इसी झटके में उनकी तीनों कृषि क़ानूनों की वापसी के अतिरिक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी व अन्य मांगें पूरी हो गयीं तो निकट भविष्य में उन्हें कोई नया आंदोलन छेड़ने की ज़रुरत नहीं पड़ेगी।

तरह तरह के आरोप-प्रत्यारोप व लांछन झेलने व आंदोलन के दौरान किसानों के कष्ट उठाने की पराकाष्ठा के दौर से गुज़रने वाले आंदोलन का हालांकि अभी अंत नहीं हुआ है। परन्तु तीनों कृषि क़ानूनों की वापसी तक का सफ़र भी अच्छा नहीं रहा। यहाँ तक कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु पर्व के दिन देश को संबोधित करते हुये जिन शब्दावली व वाक्यों का प्रयोग किया वे भी यही संकेत दे रहे थे कि %क़ानून तो अच्छा था परन्तु कुछ किसानों को समझाया नहीं जा सका%। उदाहरण के तौर पर प्रधानमंत्री के संबोधन के इन अंशों को ही देखिये - %किसानों की स्थिति को सुधारने के इसी महाअभियान में देश में तीन कृषि क़ानून लाए गए थे। मक़सद ये था कि देश के किसानों को, ख़ासकर छोटे किसानों को, और ताक़त मिले, उन्हें अपनी उपज की सही क़ीमत और उपज बेचने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा विकल्प मिले। बरसों से ये मांग देश के किसान, देश के कृषि विशेषज्ञ, देश के कृषि अर्थशास्?त्री, देश के किसान संगठन लगातार कर रहे थे। पहले भी कई सरकारों ने इस पर मंथन भी किया था। इस बार भी संसद में चर्चा हुई, मंथन हुआ और ये क़ानून लाए गए। देश के कोने-कोने में कोटि-कोटि किसानों ने, अनेक किसान संगठनों ने, इसका स्वागत किया, समर्थन किया। मैं आज उन सभी का बहुत-बहुत आभारी हूं, धन्?यवाद करना चाहता हूं।



प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि - हमारी सरकार, किसानों के कल्याण के लिए, ख़ासकर छोटे किसानों के कल्याण के लिए, देश के कृषि जगत के हित में, देश के हित में, गांव ग़रीब के उज्जवल भविष्य के लिए, पूरी सत्यनिष्ठा से, किसानों के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से, नेक नीयत से ये क़ानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से शुद्ध, किसानों के हित की बात, हम अपने प्रयासों के बावजूद कुछ किसानों को समझा नहीं पाए हैं। भले ही किसानों का एक वर्ग ही विरोध कर रहा था, लेकिन फिर भी ये हमारे लिए महत्?वपूर्ण था। कृषि अर्थशास्त्रियों ने, वैज्ञानिकों ने, प्रगतिशील किसानों ने भी उन्हें कृषि क़ानूनों के महत्व को समझाने का भरपूर प्रयास भी किया। हम पूरी विनम्रता से, खुले मन से उन्?हें समझाते रहे। अनेक माध्?यमों से व्?यक्तिगत और सामूहिक बातचीत भी लगातार होती रही। हमने किसानों की बातों को, उनके तर्क को समझने में भी कोई कोर-कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। मैं आज देशवासियों से क्षमा मांगते हुए सच्?चे मन से और पवित्र हृदय से कहना चाहता हूं कि शायद हमारी तपस्?या में ही कोई कमी रही होगी जिसके कारण दिए के प्रकाश जैसा सत्?य खुद किसान भाइयों को हम समझा नहीं पाए। आज गुरु नानक देव जी का पवित्र प्रकाश पर्व है। ये समय किसी को भी दोष देने का नहीं है। आज मैं आपको, पूरे देश को, ये बताने आया हूं कि हमने तीनों कृषि क़ानूनों को वापस लेने का, %रिपील % करने का निर्णय लिया है। इस महीने के अंत में शुरू होने जा रहे संसद सत्र में, हम इन तीनों कृषि क़ानूनों को %रिपील % करने की संवैधानिक प्रक्रिया को पूरा कर देंगे%।

प्रधानमंत्री के इस संबोधन के बाद अब बारी थी उस चाटुकार मीडिया तथा काले कृषि क़ानून समर्थकों की। इस वर्ग को प्रधानमंत्री की क़ानून वापसी की घोषणा में भी %प्रधानमंत्री का मास्टर स्ट्रोक % दिखाई देने लगा। इस फ़ैसले को उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर देखा जाने लगा। परन्तु प्रधानमंत्री के संबोधन में कृषि क़ानूनों की वकालत करने के साथ ही इन्हें वापस लेने की घोषणा भी करना,यह स्थिति सरकार व किसानों के मध्य ऐसे अविश्वासपूर्ण हालात को जन्म दे गयी जो पहले कभी नहीं देखे गये। जब प्रधानमंत्री जी फ़रमाते हैं कि - %इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से शुद्ध, किसानों के हित की बात, हम अपने प्रयासों के बावजूद कुछ किसानों को समझा नहीं पाए हैं % उस समय उन्हें यह भी याद रखना चाहिये कि वे इतनी पवित्र ,पूर्ण रूप से शुद्ध तथा किसानों के हित की बात केवल किसानों को ही नहीं बल्कि मेघालय के राज्यपाल सतपाल मलिक को भी नहीं समझा सके? वे अपनी बात अपनी ही पार्टी के सांसद वरुण गांधी व वीरेंद्र सिंह जैसे कई नेताओं को भी नहीं समझा सके ?

प्रधानमंत्री भले ही इसे %थोड़े से किसानों% और %किसानों के छोटे से वर्ग% का आंदोलन जैसे शब्दों का प्रयोग कर इस आंदोलन की व्यापकता को संकुचित करने का प्रयास क्यों न करें परन्तु वास्तव में यह किसान आंदोलन की व्यापकता,दृढ़ता व उनके संकल्पों की ही जीत थी जिसने सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया। अन्यथा यह आंदोलन अभी और भी व्यापक व तीव्र हो सकता था। क्योंकि यह राजनैतिक दलों द्वारा बुलाई गयी %भाड़े की भीड़% पर आधारित आंदोलन नहीं बल्कि देश के समर्पित %अन्नदाताओं % का आंदोलन था और यह शक्ति उन्हीं आनंदताओं की जीत है। जो लोग सरकार के फ़ैसले में %मास्टर-स्ट्रोक% जैसा कुछ देख रहे हैं उनकी स्थिति दरअसल -%रस्सी तो जल गयी मगर ऐंठन नहीं गयी% जैसी ही है।

## मनोबल कम न हो

जीवन की जितनी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं, वे वास्तविक समस्याएं हैं। कुछ समस्याएं हमारी काल्पनिक भी हैं। काल्पनिक समस्याएं भी कम भयंकर नहीं होती। वास्तविक समस्याएं बहुत थोड़ी हैं, गिनी-चुनी। किन्तु काल्पनिक समस्याओं का कहीं अंत नहीं है। इतनी जटिल समस्याएं जो प्रतिदिन हमारे सामने उभरती हैं। किस प्रकार काल्पनिक समस्याएं मनुष्य को सताती हैं, इसका एक उदाहरण है- दो यात्री आमने-सामने ट्रेन में बैठे थे। ट्रेन में लड़ाई हो गई। लड़ाई का कारण, एक समस्या। समस्या काल्पनिक, केवल काल्पनिक। एक कहता है मुझे ठंड लग रही है और दूसरा कहता है मुझे गर्मी लग रही है। एक उठता है, खिड़की को बंद कर देता है। दूसरा उठता है खिड़की को खोल देता है। टी.टी. आया, यह अभिनय देखा और बोला, %क्या तमाशा हो रहा है रेल में! चलती गाड़ी में क्या खेल खेला जा रहा है!% एक ने कहा, %हवा बहुत तेज चल रही है, मुझे ठंड लग रही है।% दूसरा कहता है, खिड़की बन्द हो जाती है, मुझे बहुत गर्मी लग रही है, परेशान हो रहा हूं।% टी.टी. गया खिड़की के पास और जाकर देखा तो खिड़की का फ्रेम तो है, लेकिन शीशा है ही नहीं। अब कैसे हवा लग रही है और कैसे गर्मी लग रही है? मात्र काल्पनिक समस्या। हमारी दोनों प्रकार की समस्याएं हैं-काल्पनिक समस्याएं और यथार्थ समस्याएं। ये हमारे मनोबल को कमजोर करती हैं। जिस व्यक्ति का मनोबल कम होता है, वह व्यक्ति इस दुनिया में अपराधी का जीवन जीता है। दुर्बलता खुद एक अपराध है।

## दो टूक- चिंताजनक है जीका वायरस का हमला

**योगेश कुमार गोयल**

देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में भले ही लगातार कमी देखी जा रही है लेकिन पिछले कुछ महीनों से देश के कई राज्यों में डेंगू के बढ़ते मामलों के साथ कुछ दिनों से जीका वायरस ने भी नई चिंता को जन्म दिया है। उत्तर भारत और खासकर उत्तर प्रदेश में जीका वायरस के मामले जिस तेजी के साथ सामने आए हैं, उससे चिंता का माहौल बनना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश के कानपुर, कन्नौज, लखनऊ, मथुरा सहित कई जिलों में जीका वायरस के मामले सामने आए हैं और अब फतेहपुर जिले में भी जीका वारयस का केस सामने आने के बाद वहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा है। उत्तर प्रदेश का कानपुर जिला तो जीका वायरस और डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है, जहां जीका का पहला मामला 24 अक्तूबर को सामने आया था और उसके बाद से वहां पिछले करीब एक महीने में ही इसके 140 से भी अधिक मरीज सामने आ चुके हैं।

जीका संक्रमण को लेकर चिंताजनक स्थिति यह है कि यह वायरस सामान्य लोगों के अलावा गर्भवती महिलाओं को भी संक्रमित कर रहा है। अब तक कई गर्भवती महिलाएं जीका वायरस से संक्रमित मिल चुकी हैं। इस वर्ष जीका वायरस का पहला मामला केरल में 8 जुलाई 2021 को सामने आया था, जिसके बाद केरल में जीका वायरस के मामले अचानक सामने आने लगे और ऐसे मामलों की संख्या 64 तक पहुंच गई थी। वहां जीका से एक मरीज की मौत की खबर सामने आई थी। महाराष्ट्र में भी जीका वायरस का मामला सामने आया था लेकिन अब उत्तर प्रदेश में जीका का प्रकोप चिंता का सबब बना है। केरल के बाद अब उत्तर प्रदेश में जीका के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्पष्ट है कि बारिश के बाद मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए सरकारी तंत्र द्वारा लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए समुचित प्रबंध नहीं किए गए। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जहां शहरी और महानगरीय क्षेत्रों में ही करीब 80 फीसदी लोगों को इस वायरस और इससे होने वाली बीमारी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, वहीं ग्रामीण परिवेश में तो लोग इससे पूरी तरह अनजान हैं, इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक देशभर में कहीं ऐसा कोई अभियान नहीं चलाया गया है, जिससे लोगों में जीका वायरस संक्रमण के प्रति जागरूकता पैदा की जा सके।



आज भी देश में अधिकांश लोग नहीं जानते कि जीका आखिर है क्या, इससे क्या बीमारियां पैदा होती हैं और उनके क्या लक्षण सामने आते हैं। जीका एक खतरनाक वायरस है, जो उसी एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो डेंगू, चिकनगुनिया, निपाह, जापानी इन्सेफेलाइटिस, फाइलेरिया, मलेरिया इत्यादि बीमारियों का जनक है, यह मच्छर प्रायः दिन के समय सक्रिय रहता है। अधिकांशतः गर्भवती महिलाएं इस वायरस की शिकार बनती हैं। इससे गर्भपात और मृत बच्चे के पैदा होने का भी खतरा रहता है। यह जन्म लेने वाले बच्चे के विकास पर बहुत दुष्प्रभाव डालता है, इससे पीड़ित महिलाओं के बच्चे अविकसित दिमाग के साथ पैदा होते हैं। करीब 70 से 80 फीसदी मामलों में जीका संक्रमित व्यक्ति में लक्षणों की पहचान नहीं हो पाती, इसलिए जीका वायरस से बचने के लिए सबसे बड़ा हथियार जागरूकता को ही माना गया है। जीका वायरस पर नियंत्रण के लिए दुनियाभर में अब तक कोई कारगर वैक्सीन नहीं बनी है। जो उपाय डेंगू, चिकनगुनिया इत्यादि फैलाने वाले मच्छरों से बचने के लिए बताए जाते रहे हैं, वही उपाय जीका वायरस फैलाने वाले मच्छर से बचने के लिए भी किए जाते हैं, जैसे अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना, कहीं भी पानी को ठहरने न देना, मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छरों की अधिकता वाले क्षेत्रों में पूरे कपड़े पहनना, मच्छरनाशक चीजों का इस्तेमाल तथा बगैर जांच के रक्त शरीर में न चढ़वाना इत्यादि। जीका वायरस से संक्रमित होने पर दर्द तथा बुखार की सामान्य दवाएं दी जाती हैं किन्तु लक्षण प्रबल होने पर विशेषज्ञ से परामर्श करना अत्यावश्यक हो जाता है।

# समय के साथ सिद्धांत बदले

### सूडोकु नवताल- 5908

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

Jagratidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 5907 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**क्या धर्म निरपेक्ष सिद्धांत हिन्दूराष्ट्र के मार्ग की बाधा है....?**

क्या समय बदलने के साथ सिद्धांत भी बदल जाते है। देश की आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा प्रतिपादित 'पंचशील' सिद्धांत अब देश के लिये उपयोगी नहीं रहे? आज के सत्तारूढ़ दल व उनके संघी साथियों की भाषा से तो ऐसा ही प्रतीत होता है? आजादी के बाद देश के हुए विभाजन को अब पचहत्तर साल बाद कोसने का क्या मतलब है? आज से पचहत्तर साल पूर्व की स्थिति परिस्थिति का अनुमान आज कोई भी कैसे लगा सकता है? और फिर इसके लिए किसी को भी दोषी ठहराने का आज क्या मतलब है? किंतु आज यही हो रहा है, सत्तारूढ़ दल के मार्गदर्शक माने जाने वाले संगठन के प्रमुख इस विवाद के आज मुखिया बने हुए है और आए दिन अपने उद्गार व्यक्त करने में व्यस्त है। संघ प्रमुख का यह कहना है कि- ÷भारत का विभाजन कभी न मिटने वाली वेदना है।÷ कहां तक सही है? साथ ही वे विभाजन को निरस्त करने की भी मांग कर रहे है, क्या यह अब मौजूदा हालातों में संभव है? आखिर ऐसी अर्थहीन बातों में वक्त को खराब किया जा रहा है? जो चीज अब संभव नहीं, उसे करने को क्यों कहा जा रहा है?

भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने तत्कालीन साम्प्रदायिक परिस्थिति का आंकलन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परामर्श पर भारत का विभाजन कर पाकिस्तान बनाने की अनुमति दी थी और उसके बाद धर्मांधता



को खत्म करने की गरज से 'पंचशील' सिद्धांतों को लागू किया था, जिसका महत्वपूर्ण अंग 'धर्म निरपेक्षता' थी, अर्थात् आजाद भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र रहेगा और इसमें सभी धर्में का समान रूप से सम्मान भी किया जाएगा, अर्थात् इस देश में रहने वाले सभी धर्में के लोगों को सभी तरह की धार्मिक स्वतंत्रता रहेगी, पिछले सात दशक तक इन्हीं सिद्धांतों पर यह देश चला और सभी धर्मों व उनके अनुयायियों को समान रूप से रहने की आजादी भी दी गई। तत्कालीन नेहरू विरोधियों ने भी इस पंचशील सिद्धांत का समर्थन सम्मान किया था, किंतु पिछले कुछ सालों में उन्हीं नेहरू विरोधियों की मौजूदा पीढ़ी ने सत्ता में आने के बाद न सिर्फ पंचशील सिद्धांतों को सरकारी दस्तावेजों व संविधान से हटाया बल्कि अब उसके प्रमुख सिद्धांत धर्म निरपेक्षता का खुलकर विरोध किया जा रहा है। यही नहीं संघ प्रमुख तो ठीक केन्द्रीय सूचना आयुक्त उदय माहूरकर धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत को 'मीठा जहर' बता रहे है तथा इसे देश के लिए घातक बताते हुए इससे हुए कथित नुकसान का उल्लेख कर रहे है।

इस माहौल की वास्तविकता यह है कि देश में जब मौजूदा सरकार का गठन हुआ, तब इसके प्रणेताओं ने 'अखण्ड भारत' या 'हिन्दू राष्ट्र' का चीर प्रतीक्षित सपना साकार होने की उम्मीद जगाई थी, अब चूंकि इस सरकार के आठ साल पूरे होने को है, और इस दिशा में कोई सार्थक कदम उठता नजर नहीं आ रहा है, इसलिए इस विचार के प्रणेता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने इस मुद्दें को जागृत करने का प्रयास किया है और इसीलिए संघ प्रमुख इस विषय पर काफी मुखर हो रहे है। इसीलिए अब यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि 'क्या धर्म निरपेक्षता हिन्दू राष्ट्र या अखण्ड भारत के मार्ग की बाधा बना हुआ है?' और इसी गरज से पचहत्तर साल पहले हुए भारत के विभाजन का मुद्दा उठाया जा रहा है और फिर से भारत को आजादी के पूर्व का स्वरूप देने की गरज से विभाजन के फैसले को रद्द करने की बैतूकी मांग भी उठाई जा रही है और अपने तर्क के समर्थन में कहा जा रहा है कि उस विभाजन से न तो भारत के हिन्दू खुश है और न पाकिस्तान के मुसलमान ही। अपने तर्क के समर्थन में यह भी कहा जा रहा है कि भारत के मुसलमान पाकिस्तान के मुसलमानों से ज्यादा खुश व आजाद है। किंतु यहां सबसे अहम् सवाल यह है कि क्या ऐसा माहौल बनाने और इस तरह के कुतर्क प्रस्तुत करने से भारत का भला हो सकेगा?

## उम्मीदों के रुझान

कभी नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने देश में महिलाओं की कम आबादी पर चिंता जताते हुएङ्क'मिसिंग वुमन' शब्द का प्रयोग किया था। लेकिन आज देश में उनकी स्थिति में सकारात्मक बदलाव हुआ है। नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे के निष्कर्ष तो कम से कम यही संकेत दे रहे हैं कि देश में पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा हो गई है। वर्ष 1990 में देश के 1000 पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या 927 थी। वर्ष 2005-2006 में यह आंकड़ा बराबर हजार-हजार तक जा पहुंचा। वहीं वर्ष 2015-16 में यह घटकर 991 हो गया था। लेकिन इस बार महिलाएं पुरुषों से अधिक हो गई हैं। देश में हजार पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या 1020 हो गई है। इसकी एक वजह पुरुषों की जीवन प्रत्याशा के मुकाबले महिलाओं की जीवन प्रत्याशा दर अधिक होना है। इस विरोधाभास के बावजूद कि देश की आधी से अधिक महिलाओं व बच्चों में खून की कमी पायी गई है। इस सर्वे का जो दूसरा महत्वपूर्ण निष्कर्ष है, वह यह कि देश में प्रजनन दर में गिरावट आई है जो 2016 के 2.2 के मुकाबले अब सिर्फ 2 रह गयी है जो अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रतिशत से भी कम है। इसका निष्कर्ष यह भी है कि 'घर में दो बच्चे ही अच्छे' के मंत्र को लोगों ने अपनाने का मन बना लिया है। सर्वे के अनुसार अब औसतन एक महिला के दो ही बच्चे हैं। जो इस बात का भी प्रमाण है कि देश में जागरूकता आई है और लोगों ने संतति निग्रह के उपायों का उपयोग करना शुरू किया है। जिसका एक मायने यह भी है कि हमारे देश में जनसंख्या स्थिरता की ओर बढ़ रही है। निस्संदेह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के कई निष्कर्ष आने वाले भविष्य के लिये उम्मीद जगाने वाले हैं जो बताते हैं कि देश में शिक्षा व अन्य कारणों से जागरूकता आई है, लोग 'छोटा परिवार, सुखी परिवार' के मंत्र को तरजीह देने लगे हैं। निस्संदेह, हालिया सर्वे में प्रजनन दर में गिरावट के रुझान से यह भी समझा जा सकता है कि देश जनसंख्या के मामले में पीक पर जा पहुंचा है। अभी यह भी विचारणीय प्रश्न है कि प्रजनन दर में गिरावट से क्या देश की आबादी घट रही है। बहरहाल, इस बाबत अंतिम निष्कर्ष नयी जनगणना के बाद ही सामने आ सकेगा। यद्यपि देश के सामने लिंग अनुपात में असमानता की चुनौती बनी हुई है। लोगों में लड़के की चाहत कम नहीं हुई है। हालांकि, सख्ती के चलते लिंग जांच की प्रवृत्ति पर अंकुश जरूर लगा है।

# सत्ताधारियों से जिला प्रबंधक की गहरी पैठ, कलेक्टर कार्रवाई करने में अक्षम

### विधायक गणों की शिकायतें भी कुछ नहीं बिगाड़ पाई, मोटा लेन-देन कर बनाए बाजरा खरीदी केंद्र

**मुरैना।** पिछले 12 वर्षों से जिला मुख्यालय पर संचालित नागरिक आपूर्ति विभाग कार्यालय में जिला प्रबंधक के पद पर पदस्थ अधिकारी ने भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांग दी है और गेहूं खरीदी के बाद अब बाजरा खरीदी केंद्र बनाने में भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। सूत्रों की माने तो जिला प्रबंधक की राजधानी में सत्ताधारियों से गहरी पैठ है और विभाग के मुखिया जो राजधानी में बैठे हैं अथवा जिले के कलेक्टर भी उन पर कार्रवाई करने में अपने आप को अक्षम महसूस कर रहे हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि 12 वर्षों से एक ही जिले में पदस्थ है और ट्रांसफर होने के बाद भी 20 दिन के अंदर तबादला निरस्त करा लिया, ऐसा जिला प्रबंधक कलेक्टर को भी कुछ नहीं समझता?

सूत्रों की माने तो 10 साल पहले नागरिक आपूर्ति विभाग मुरैना में बाबू पद पर पदस्थ थे, जो वर्तमान में जिला प्रबंधक बनकर लाखों का भ्रष्टाचार कर रहे हैं और उनके द्वारा नामी बेनामी तमाम संपत्तियां एकत्रित कर ली गई हैं, इनकी संपत्ति की जांच की जाए तो करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। बताया जाता है कि जिला प्रबंधक ने राजधानी में बैठे सत्ताधारी दल के नेताओं एवं बड़े-बड़े अधिकारियों से सांठगांठ कर रखी है तथा समय-समय पर उनको मोटा नजराना भेजा जाता है, जिस कारण इनके




खिलाफ जिले के कई विधायक भी कुछ नहीं कर पाए हैं और उनकी शिकायतों को भी शासन-प्रशासन ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। सूत्रों के अनुसार मुरैना जिले में बाजरा की खरीदी जिला प्रबंधक के रहते संभव नहीं है जो समिति वाला जितना ज्यादा नजराना देगा, उसका ही खरीदी केंद्र बनेगा और जो नजराना देगा उसकी बाजरा की गाड़ियां पास होंगी, जो रकम नहीं देगा, उनकी गाड़ियां फेल कर वापस कर दी जाएगी, जिसका घाटा सोसाइटी प्रबंधकों को होगा। जिला प्रबंधक के रूतवे के कारण शासन प्रशासन के बड़े-बड़े अधिकारी नेता भी नतमस्तक नजर आ रहे हैं। सोचनीय विषय यह है कि पिछले 12 वर्षों से मुरैना जिले को दीमक की तरह चाट रहे भ्रष्ट जिला प्रबंधक पर शासन व प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहा, इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में गेहूं खरीदी केंद्र बनाने में जिला प्रबंधक ने भारी अनियमितताएं बरती और मोटा लेन-देन कर खरीदी केंद्र बनाए गए, यही नहीं गुणवत्ताहीन गेहूं, जिसे सेंट्रल वेयर हाउस के अधिकारियों ने फेल कर दिया, उसे जिला प्रबंधक ने स्टेट वेयर हाउस से संबंधित प्राइवेट गोदामों में रखवा कर पीडीएस की दुकानों पर पहुंचा दिया और सड़ा गला गेहूं लोगों को वितरण करा दिया। अब यही हाल बाजरा खरीदी में हो रहा है, जिसकी और शासन व प्रशासन के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है तथा जिला प्रबंधक मनमानी पर उतारू है।



## मोबाइल पर दी धमकी, फरियादी ने दिया आवेदन

**मुरैना।** भाजपा पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष दीवान शर्मा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर धमकी दी गई, जिसकी रिपोर्ट दीवान शर्मा ने सिटी कोतवाली में आवेदन देकर की है। श्री शर्मा ने आवेदन में बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मोबाइल नंबर 99856 48066 पर रात्रि 8:30 बजे जान से मारने एवं नेतागिरी को लेकर अभद्र भाषा बोलते हुए मोबाइल नंबर 62640 84435 से धमकी दी गई। श्री शर्मा ने सिटी कोतवाल को आवेदन देकर कहा है कि वह कोर्ट तिराहा पर अपनी दुकान पर बैठता है और कभी भी उसके साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है, इसलिए अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर कार्यवाही की जाए।

## मैसर्स विजय ट्रेडिंग कंपनी का उर्वरक पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित

**मुरैना।** उर्वरक विक्रेता फर्म मैसर्स विजय ट्रेडिंग कंपनी जौरा रोड मुरैना की फर्म से उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड मुरैना ने गत दिवस उर्वरक एनपीके 14:35:14 निर्माता कंपनी कोरोमण्डल के लॅट नंबर ई0821/सितम्बर 2021 के स्कंद से नमूना कोड नंबर टीआर-04 लिया था, जिसे विश्लेषण हेतु ग्वालियर भेजा गया था। जिसका परिणाम अमानक स्तर का प्राप्त हुआ। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अनंत सडैया ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। नोटिस का जबाव फर्म द्वारा संतोषजनक प्रस्तुत नहीं किया गया। इस संबंध में उर्वरक विक्रेता द्वारा अमानक उर्वरक का विक्रय किया जाना उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 19 (ए) के उल्लंघन की परिधि में आता है।

# एकीकृत हाई स्कूल मिला बंद, बीआरसीसी ने भेजा डीईओ को कार्रवाई के लिए प्रस्ताव

**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस मैं मंगलवार को बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार एवं जन शिक्षक ज्ञान सिंह धाकड़ द्वारा सघन निरीक्षण किया गया, जिसमें 1 बजकर 10 मिनट पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय जरैना मानगढ़ एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय जरैना मानगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला संचालित मिली तथा बच्चों के शैक्षणिक स्तर संतोषजनक पाया गया।

बीआरसी श्री सिकरवार द्वारा 2:20 पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय किशनगढ़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति अच्छी मिली एवं बच्चों का स्तर दक्षता के अनुरूप पाया गया। इसी क्रम में 3:10 पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय किरावली बीहड़ का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति न्यूनतम पाई गई तथा बच्चों का शैक्षणिक स्तर दक्षता के अनुरूप नहीं पाया गया एवं 3:50 पर एकीकृत शासकीय हाई स्कूल कक्षा 1 से 10 तक बंद मिला जिसका प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है। इसी क्रम में 4:20 पर



शासकीय माध्यमिक विद्यालय हटीपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला संचालित मिली बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई तथा बच्चों का शैक्षणिक स्तर दक्षता के अनुरूप पाया गया व एन माइनस वन पाठ्यक्रम बच्चों को कराया जा रहा था, शैक्षणिक स्तर सराहनीय पाया गया। अनुशासनहीनता बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु बीआरसीसी द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है।

# कोरोना से बचाव के लिए न करें घर पर उपचार

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने सलाह दी है कि किसी भी व्यक्ति को सर्दी, जुखाम, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द, भूख न लगना, दस्त लगना आदि के लक्षण होने पर वे घर पर ही पारंपरिक उपचार लेते रहते है। ठीक होने की उम्मीद में 5 से 7 दिन गुजार देते है, जिन्हे स्वास्थ्य लाभ होने के बजाय उनकी बीमारी और बढ़कर जटिल हो जाती है। ऐसे लोंगो को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कोविड-19 की जांच पॉजीटिव आती है तो उपचार और जटिल हो जाता है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि ऐसे मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट या आईसीयू में भर्ती कर उपचार करना पड़ता है। ऐसी बीमारियों से प्रभावित व्यक्तियों को सलाह दी है कि उन्हें सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द, हाथ-पैरों में दर्द, शरीर में ऐठन, भूख न लगना खाने व सूघंने में स्वाद का पता न लगना आदि लक्षणों में आते ही वे तुरंत चिकित्सक से परामर्श ले। अथवा कोविड-19 की जांच करवाकर समय रहते पूर्व उपचार लेकर स्वास्थ्य हो। जिससे वे अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें। गम्भीर बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज किड़नी, अस्थमा, केंसर आदि बीमारियों से पीड़ित नागरिको को कोरोना से बचाव के लिये विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सलाह दी है कि ऐसे व्यक्तिअपने आप में कोरोना से बचाव के लिये पूरी तरह सावधानियां बरतें। ऐसे लोग हमेशा मास्क लगाये रखें। भीड़-भाड़ में न जायें, आपस में दो गज की दूरी बनाकर रखें। हाथों को सैनेटाइज करते रहना अथवा हाथों को साबुन से धोते रहना है, यही सावधानियां है।

## हत्या के प्रयास मामले में 3 वर्ष का कठोर कारावास, 30 हजार का अर्थदंड

**मुरैना।** मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में सुनवाई करते हुए एक आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक महेंद्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 मार्च 2017 को फरियादी वसीम खान ने रिपोर्ट लिखाई के रात 10 बजे उसके छोटे भाई आजाद एवं नवाब की शादी में डीजे पर नाच रहे थे, जिसमें वसीम भी नाच रहा था, तभी धमाके की आवाज आई और उसके दाहिने हाथ में गोली लगी। डीजे पर उस समय अन्य लोग भी डांस कर रहे थे, जिसमें एक के पास अवैध कट्टा था उसके द्वारा हर्ष फायर किया और गोली वसीम को लगी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 223 /17 धारा 308, 25 -27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ जारी रहेंगी सभी कॉलेज/वि.वि में शैक्षिक गतिविधियाँ

### प्रवेश के पूर्व विद्यार्थियों का शारीरिक तापमान लिया जायेगा

**मुरैना।** प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत भौतिक उपस्थिति के साथ शैक्षणिक गतिविधियाँ जारी रहेंगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ पुस्तकालय एवं स्नातक, स्नातकोत्तर सभी कक्षाओं के लिये छात्रावास खोले जाने और मेस व्यवस्था भी सुचारु रूप से चालू रहेगी। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम और बचाव के लिये विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और छात्रावास में 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं और समस्त स्टॉफ को वैक्सीन के दोनों डोज लगाना अनिवार्य होगा। प्राचार्य द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ऐसे शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ, जिन्हें दोनों टीके नहीं लगे हैं, उन्हें दोनों टीके लगवाये जायें। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, यह सुनिश्चित किया जाये कि वे पूरी तरह से स्वस्थ हों। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्रवेश-द्वार पर प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों का शारीरिक तापमान लिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। शैक्षणिक परिसर में आवश्यक रूप से मास्क पहनना, हाथों को सेनेटाइज करना एवं शारीरिक दूरी का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के घोषणा-पत्र एवं माता-पिता, अभिभावकों की लिखित सहमति के आधार पर उपस्थिति स्वीकार्य होगी। उनके द्वारा एक बार दी गई सहमति पूरे सत्र के लिये मान्य होगी।

## जिले में यूरिया की कमी नहीं, किसान धैर्य बनायें रखें: कलेक्टर



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जिले के समस्त किसानों से आग्रह किया है कि उन्हें रबी फसल के लिये पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराया जायेगा। यूरिया खाद की जिले में कमी नहीं है, किसान धैर्य बनायें रखे। सभी को खाद मिलेगा। उपसंचालक कृषि अनंत कुमार सडैया ने बताया कि जिले में 3300 मैट्रिक टन यूरिया, 1000 मैट्रिक टन डीएपी, 300 मैट्रिक टन एसएसपी और 400 मैट्रिक टन एनपीके खाद उपलब्ध है। जिले में कई सेन्टरों पर भीड़ देखी गई। वह भीड़ सिर्फ प्रातः 6 बजे टोकन वितरण के समय देखी गई थी। किंतु बाद में सभी को बारी-बारी से खाद वितरण किया गया। सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हुआ। जिले के अनेकों सेन्टरों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसान आवश्यकतानुसार यूरिया, डीएपी का उठाव करें।

# मुरैना की बेटी को मिला मुंबई मैं इंडिया अर्चिव अवॉर्ड



**मुरैना।** चंबल संभाग में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन जरूरत है तो केवल उन्हें तराशने एवं उत्साहित करने की। मुरैना जिले में तमाम ऐसी प्रतिभाएं छुपी हुई है, जिनका मार्गदर्शन करना आवश्यक है और सही मार्गदर्शन मिलने पर वह जिले को गौरवान्वित भी कर सकती हैं। जिले में तमाम ऐसी प्रतिभाएं मौजूद है तो किसी ना किसी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। मुरैना की नन्ही सी बालिका मिली शर्मा ने मुंबई में इंडिया अर्चिव अवॉर्ड प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। मिली शर्मा को इंडिया टॉप टेन लिस्ट में आने का मौका मुरैना से मिला और उन्होंने ब्यूटीफुल फेस ऑफ द ईयर का खिताब जीत लिया। इंडिया में से टॉप 10 की लिस्ट में मिली शर्मा शामिल रही। मुंबई में आयोजित समारोह में बड़े-बड़े सेलिब्रिटी दिनेश मोहन, खिजार हुसैन, पीएस गीत, नेहा श्रीवास्तव, लक्मे फैशन वीक की संगीता गेरू और इंडिया की टॉप वन लिस्ट में शामिल ट्रांसजेंडर नाज जोशी शामिल रहे। यह कार्यक्रम आदित्य सक्सेना आदित्य क्रिएशन के द्वारा आयोजित हुआ था। श्री सक्सेना ने कहा कि मुरैना की प्रतिभा को मार्गदर्शन मिले तो वह बहुत आगे जा सकती हैं।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुरैना के युवा को घोषित किया असली हीरो, दिया प्रशंसा पत्र

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को आयोजित कमिश्नर-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के दौरान मुरैना जिले के ग्राम जींगनी के निवासी युवा 30 वर्षीय राधेश्याम पुत्र रघुवीर सिंह यादव को असली हीरो घोषित कर, उन्हें अपने हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। युवा को यह उपाधि 16 जून को एक घटना हुई थी, जिसमें एक पति ने ये आरोप लगाया था कि 6 लोगों ने उसकी पत्नि को रोककर रेप और मर्डर कर दिया। पति भागकर आया और कहने लगा। उस समय तब जींगनी के रहने वाले राधेश्याम यादव ने एक अच्छा क्लूह दिया। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने बताया कि मैं इनकी दुकान पर 10-15 मिनट बैठा तो इनके छोटे भाई ने भी मदद की। राधेश्याम यादव ने बताया कि 8 बजकर 10 मिनट पर कॉल किया तो इससे समझ आया कि जो दूरी थी वह 12



किमी की थी। यानी माता बसैया थाने से घटना स्थल तक जो भी क्लू मिला उसमें इन्होंने सहयोग किया। तब पुलिस ने राधेश्याम के क्लू पर 24 घंटे के अंदर अपराधी को पकड लिया और साइंटिफिक इन्वेहटीगेशन किया गया। इस कार्य में राधेश्याम यादव का विशेष योगदान रहा। एनआईसी कक्ष मुरैना में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, आबकारी, पीएचई, विद्युत, खनिज आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान मुरैना में हुए प्रयासों को भी सराहा

वीडियों कान्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने चिन्हांकित अपराध, एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा, डोडा चूरा, मिलावटी खाद्य पदार्थो का निर्माण करने वालों पर कार्यवाही, भू-माफियाओं से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि, धारणाधिकार योजना में अच्छा प्रदर्शन करने पर कलेक्टर बी.कार्तिकेयन एवं पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के प्रयासों की प्रशंसा भी की है। ज्ञातव्य है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ, खनिज, भू-माफियाओं से भूमि मुक्त कराने में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर जिलाध्यक्ष ने किया कोतवाली में धरना प्रदर्शन



*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड(ब्यूरो)।** भिंड शहर के धनवंतरी कॉम्प्लेक्स के पास स्थित मंदिर को विधि विधान के बिना ही तोड़ने को लेकर 30 नवंबर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस एवं प्रशासन के सामने विरोध प्रकट किया तो पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। उक्त मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कोतवाली पहुँचकर न सिर्फ सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नारेबाजी की बल्कि बिना किसी शर्तों के उन्हें रिहा करने के लिए भी कहा। इस बीच जिला अध्यक्ष के साथ गोहद विधायक मेवाराम जाटव भी उपस्थित रहे। *विधायक मेवाराम जाटव ने गोहद थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप कांग्रेस के गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने एसपी मनोज कुमार को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार द्वारा क्षेत्र में अवैध वसूली की जा रही है।वही थाना प्रभारी के संरक्षण में गिट्टी के क्रेसर चलवाये जा रहे हैं।वही थाना प्रभारी कि सह पर क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अफीम, गांजा, चरस जैसे व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है।आलम यह है कि क्षेत्र के युवा इस लत के दिन प्रतिदिन शिकार हो रहे हैं। इसलिए ऐसे थाना प्रभारी पर कार्रवाई करते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए।जिससे इन मादक पदार्थों के विक्रय पर रोक लग सके। वही गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने कहा मुझे विपक्ष का विधायक होने का दंश झेलना पड़ रहा है।

**जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा करने को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापनः** कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने एसपी को ज्ञापन सोपते हुए कहा कि किसी भी बुद्धिजीवी वर्ग से चर्चा किए बिना ही प्रशासन ने मंदिर को हटाने का काम किया करता हूं वही बिना कारण जिन कांग्रेश कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।उन्हें तत्काल प्रभाव से बिना किसी शर्तों के रिहा किया जाए नहीं तो पूरे जिले भर में कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

**ज्ञापन प्राप्त करते ही एसपी ने दिखाई गंभीरताः** ज्ञापन प्राप्त करते ही एसपी मनोज कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कांग्रेश कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्तों के रिहा करने का आदेश दिया वही गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार पर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। खिजर मोहम्मद कुरेशी, धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन में मुख्य रूप से बृजेंद्र सिंह कल्लू,अनिल भारद्वाज,रॉकी तोमर,ममता मिश्रा,रेखा भदौरिया,वीरेंद्र यादव,समीर सिंह भदौरिया,राजवीर खन्ना,हरनारायण शर्मा,दीपू दुबे, राजेंद्र परिहार,अरविंद सोनी के अलावा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुल्हन ने सात फेरों से पहले पौधा लगवाया तो दूल्हे ने 5 लाख की बजाय टीके में लिए 1 रुपये



**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** –पर्यावरण संजीवनी संस्थान की पहल जारी ।शुष्क राजस्थान में हरियाली को बढ़ावा दे रही पर्यावरण संजीवनी संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सीरवी के आग्रह पर भावी कस्बे में राजपूत समाज की नीतू कंवर की शादी के कार्यक्रम पर दुल्हन नीतू कंवर द्वारा शादी से पहले पौधरोपण करने की पहल की मांग रखी जो बारात में सुमेरपुर से ग्राम भागनी से आई बारात में दूल्हे ने इस मांग को मानकर सात फेरों से पहले आँगन में एक पौधा लगाकर हमेशा अन्य ओर भी पेड़ो पोधो के सुरक्षा करने का संकल्प लिया इस मौके पर दूल्हा अभिषेक सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलाव को लेकर चिंता जताई तथा सभी युवा वर्ग से शुष्क राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने की अपील की । इस मौके पर दुल्हा अभिषेक सिंह ने भी 5 लाख रुपये टिका में केवल 1 रुपया लेकर भी नई मिशाल की ।साथ ही दुल्हन नीतू कंवर ने भी पर्यावरण संजीवनी संस्थान के इस अभियान की प्रशंसा की ।संस्था के अध्यक्ष गोविंद सीरवी द्वरा अब तक सेकड़ो शादिया में जाकर दूल्हा ओर दुल्हन से पर्यावरण की जागरूकता के लिए पेड़ पौधे लगाने का संकल्प दिलवा चुके है । इस मौके पर पर्यावरण संजीवनी संस्थान प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सीरवी,गजसिंह राजपूत, कानसिंह राजपूत,नरेंद्र सिंह, सुगनसिंह,कालूसिंह, ,विष्णु मेगवाल, दिनेश,मांगू सिंह, परबतसिंह, गणपत सिंह हुकुमसिंह रविंदरपाल सिंह,पुष्पेंद्र सिंह सहित कई जने मोके ओर मौजूद थे ।

## वन-टू-वन

### ग्राम सांपरारा में दो बाइको की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत 3 घायल एक की हालत नाजुक



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** बैराड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सांपरारा में मंगलवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिडंत में 3 लोग घायल हो गए। जिसमें से एक घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बैराड़ अस्पताल से 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर किया गया है। घटनाक्रम के अनुसार केवल पुत्र सुरेश जाटव उम्र 24 साल अपने गांव मकलीझरा से झिमझिमा हनुमान मंदिर पर दर्शन करने जा रहा था तभी सांपरारा गांव के पास सामने से आ रही एक बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई हादसे में केवल जाटव गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी बाइक सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची बैराड़ थाना पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।

### मुरैना की बेटी को मिला मुंबई से इंडिया अचीवर अवॉर्ड 2021



**भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

मध्यप्रदेश में कला की कमी नहीं है बस पहचानने की देरी है।जी हां मध्यप्रदेश के मुरैना की रहने वाली मिली शर्मा को इंडिया टॉप टेन लिस्ट में आने का मौका मिला।मुरैना से उन्होंने ब्यूटीफुल फेस ऑफ द ईयर का खिताब जीता व इंडिया में से टॉप 10 की लिस्ट में रही।जिसमें बड़े-बड़े सेलिब्रिटी भी रहे।दिनेश मोहन,खिजार हुसैन,पीएस गीत,नेहा श्रीवास्तव,लैक्मे फैशन वीक की संगीता गेरू और इंडिया की टॉप वन लिस्ट में शामिल ट्रांसजेंडर नाज जोशी शामिल रहे व प्रोग्राम आदित्य सक्सेना,आदित्य क्रिएशन के द्वारा हुआ था।श्री सक्सेना ने बताते हुए कहा कि मुरैना की प्रतिभा को मार्गदर्शन मिले तो वह बहुत आगे जा सकता है।मिली शर्मा को यह इंडिया अचीवर अवार्ड 2021 आदित्य सक्सेना के द्वारा दिया गया तो वहीं इस प्रोग्राम में द द हिन्द टुडे न्यूज मीडिया पार्टनर के रूप में मुख्य रूप से शामिल रहा।

### पीड़ित मानवता की सेवा में रेडक्रास की अहम भूमिका... प्राचार्य शिवराज सिंह

**केशब प्रसाद शर्मा ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** पीजी कॉलेज, अंबाह की रेड क्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा शपथ प्रदाता अधिकारी के रूप में महाविधालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर उपस्थित हुये। प्राचार्य द्वारा सभी नवीन पंजीकृत विद्यार्थियों को रेड क्रॉस के माध्यम से समाज सेवा तथा पीड़ित मानव सेवा कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को हमेशा जनकल्याण के कार्यों के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए आव्हान किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस प्रभारी प्रो. मुकेश श्रीवास द्वारा वर्तमान सत्र में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमोंकी जानकारी दी।



## विकलांगों के आदर्श बच्चूसिंह की जयंती विकलांग बल श्योपुर द्वारा मनाई गई

**पुष्पांजली टुडे**

**श्योपुर** – भरतपुर राजघराने में एक तेजस्वी राजकुमार का जन्म हुआ, जिसका नाम गिर्राज शरण सिंह रखा गया और जिसको प्यार से बच्चूसिंह कहा जाता था। वे जन्म से ही एक मानसिक विकलांगता से पीड़ित थे, जिसका नाम है सेरेब्रल पॉलिसी (संक्षेप में सीपी)। इस रोग में पीड़ित की मानसिक क्षमतायें तो पूर्ण होती हैं, लेकिन अपने हाथ-पैरों पर उसका नियंत्रण पूरा नहीं रहता। इस विकलांगता के कारण उनको थल सेना में नहीं लिया गया, लेकिन वायु सेना में पायलट के रूप में सेवा में ले लिया गया था।

वे विचारों से प्रखर राष्ट्रवादी थे और धार्मिक रूप से उनके ऊपर आर्य समाज का प्रभाव था। अंग्रेजों की वायु सेना में रहते हुए भी वे देश के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करते थे। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में पूर्वोत्तर भारत में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सेनाओं पर बमवारी करने से मना कर दिया था। इस कारण कुछ समय बाद ही उनको वायु सेना से निकाल दिया गया था। 1946 में जो नौ सेना विद्रोह हुआ था जिसको वायु सैनिकों का भी समर्थन था, उसे भड़काने में भी बच्चूसिंह का पूरा हाथ था। इसी विद्रोह के कारण अन्ततः अंग्रेजों को भारत छोडकर जाना पड़ा था। हमारा संगठन विकलांग बल बच्चूसिंह को अपना आदर्श मानता है। इसलिए हमने उनके जयंती व्यापक रूप से मनाने का निश्चय किया है। विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला इकाई श्योपुर द्वारा विकलांगों के मसीहा बच्चू सिंह की जयंती विकलांग बल मध्यप्रदेश के कार्यालय पर मनाई गई इस मौके पर विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक मौजूद रहे।



## सरकारी अस्पताल में नसबंदी को लेकर महिलाओं का हंगामा, शिविर में ऑपरेशन होते हैं 30 महिलाएं पहुंच गई 80



**पुष्पांजली टुडे**

बैराड़ के सरकारी अस्पताल में मंगलवार को महि ला नसबंदी शिविर के दौरान हंगामा हो गया। दरअसल स्वास्थ विभाग की गाइडलाइन के तहत महिला नसबंदी शिविर में नियमानुसार 30 ऑपरेशन ही किए जाते हैं, लेकिन मंगलवार की सुबह अस्पताल पर 80 से ज्यादा महिलाएं ऑपरेशन कराने के लिए पहुंच गई।अस्पताल पहुंची सभी महिलाएं ऑपरेशन कराने की जिद पर अड़ी थीं और पंजीयन न करने पर हंगामा शुरू कर दिया। शिविर में महिलाओं की नसबंदी कराने के लिए उन्हें आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लेकर आती हैं और शिविर में लाते समय उन्हें संख्या के अनुसार ही लाया जाना चाहिए, लेकिन इस मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाएं अस्पताल पहुंची थीं। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर नरेंद्र वर्मा द्वारा हंगामा कर रही सभी महिलाओं को समझाइश दी गई। डॉक्टर ने कहा कि अगले शिविर में सभी के ऑपरेशन कर दिया करा दिए जाएंगे।



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा मैं शामिल होकर ली पार्टी की सदस्यता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया भोपाल में अपने निवास पर दिलाई पर भाजपा इस दस्ता**

**भोपाल।** भोपाल में सहकारिता एवं लोकसेवा मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया की उपस्थिति में भाजपा की जनहितैषी नीतियों तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी की जन कल्याणकारी सरकार से प्रभावित होकर अटेर विधानसभा क्षेत्र के श्री रविन्द्र परिहार उर्फ बल्लू गोपालपुरा, श्री यशपाल भदौरिया उर्फ टिल्लू गोना एवं उनके साथियों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने अपने निवास स्थान भोपाल में शामिल हुए।



## MAP EVENT'S द्वारा करवा चौथ फ़ोटो कॉम्पिटिशन 2021 का हुआ समापन

**इंदौर(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

मल्टी प्रोडक्ट हव द्वारा करवा चौथ पर करवा चौथ फ़ोटो कॉम्पिटिशन 2021 सजनी तेरे आंगन की शुरू किया गया था।जिसमे कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। [illegible]इवेंट व मल्टी प्रोडक्ट हब की डायरेक्टर मेघा जैन के द्वारा बताया गया था कि इस कॉम्पडिशन में महिलाओ को पार्टिसिपेट करने के लिए केवल 50 रुपये से अपना रजिस्ट्रेशन करना था जो कि रजिस्ट्रेशन फीस ऑनलाइन पे थी।साथ ही उसके बाद किये गए पेमेंट का स्क्रीन शॉर्ट,पार्टिसिपेट करने वाली महिलाओ के फोटो,साथ ही नाम,उम्र व स्थान नीचे दिए गए नम्बर पर भेजना था।उन्होंने यह भी बताया था कि जो विनर रहेंगे उन्हें प्राइज व ई सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।तो वहीं सबसे अच्छी बात यह रही कि इस कॉम्पिटिशन में जज की भूमिका में सोनू मलालिया(फैशन डिजाइनर,मुम्बई),अम्रित कौर(बॉलीबुड मेकअप आर्टिस्ट)मुख्य रूप से रही।वहीं मैप इवेंट में मुख्य भूमिका निभाने में मैप इवेंट की डायरेक्टर मेघा जैन,द हिन्द टुडे न्यूज के एडिटर अर्पित गुप्ता व प्रीत म्यूजिक स्टूडियो के डायरेक्टर प्रीत अग्रवाल हैं।जजो के द्वारा रिजल्ट घोषित करने के बाद डायरेक्टर मेघा जैन ने बताया कि इस कॉम्पडिशन मे विनर प्रतिभा दुबे,डॉली भदौरिया,ख्याति श्रोती रही।वहीं रनर-अप में सुप्रिया शर्मा,खुसबू अग्रवाल व उर्वशी सिंह रहीं।16 श्रृंगार में प्रिया मित्तल व प्रमोटेड द इवेंट में ज्योति पहवा विनर रहीं।रिजल्ट घोषित करने वाले सभी जजेस ने विजेताओं को बधाई दी साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी लोग नए कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए भी तैयार रहें।जिसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा आप सभी को समय पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

## भक्ति से मनुष्य का जन्म मरण का चक्र हो जाता है समाप्त। संत श्री सिद्धा रामेश्वरम महास्वामीजी

**इंदिरा नगर का नाम ओड समाज के लिए संपूर्ण भारत में जाना जाएगा। समाज बंधु**

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**




**पाली।** निकटवर्ती जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित इंदिरा नगर में स्वर्गीय हसाराम ओड के मूर्ति अनावरण में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांपा ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती धापू देवी ओड के धर्म पति स्वर्गीय हसाराम ओड के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में ओड समाज के देश प्रदेश से जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में रात्रि के दौरान विराट भजन संध्या में राजस्थान के जाने-माने लोक भजन गायकों द्वारा एक से एक बढ़कर मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति दी। स्वर्गीय हसाराम के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओड समाज के धर्मगुरु संत श्री इमाडी सिध्दारामेश्वरम. महास्वामीजी के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।विधि विधान से कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार कार्यक्रम का संचालन किया गया। ओड समाज देश के दक्षिण भारत तमिलनाडु कर्नाटक उड़ीसा आंध्र प्रदेश केरल सहित राजस्थान प्रदेश के अलग-अलग जिलों से समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया। ओड समाज के धर्मगुरु के सानिध्य में समाज बंधुओं का स्वर्गीय हसाराम ओड परिवार के नेतृत्व में राजस्थानी लोक संस्कृति के अनुसार साफा पुष्प माला पहनाकर मोमेंटो देकर भव्य अभिनंदन किया गया। ओड समाज के धर्मगुरु धर्म द्वारा प्रवचन के दौरान समाज को संबोधन में बताया कि भक्ति से मनुष्य का जन्म मरण का चक्र समाप्त हो जाता है। समाज के धर्मगुरु ने संपूर्ण भारत में ओड समाज को एक बताया ओर समाज को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने के लिए जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि ओड समाज भारत के हर कोने कोने में बचा हुआ है लेकिन अलग अलग नाम से जाना जाता है । लेकिन संपूर्ण भारत में ओड समाज एक हैं और एक ही रहेगी। दक्षिण भारत में ओड समाज धार्मिक संगठनों द्वारा समाज को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। ओड समाज तमिल नाडु केरल आंध्र प्रदेश उड़ीसा कर्नाटक राज्यों में शिक्षा के प्रति काफी आगे हैं। इस दौरान समाज के धर्मगुरु ने अपना प्रवचन दक्षिण भारत के भाषा में दिया और बाद में मंच पर हिंदी विश्लेषण किया गया।कार्यक्रम में आए हुए दक्षिण भारत के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि संगठन प्रतिनिधि मंडल द्वारा बताया कि इंदिरा नगर का नाम भारत के हर कोने कोने जाना जाएगा। इंदिरा नगर राजस्थान के पाली जिले में ही नहीं बल्कि दक्षिण भारत में इंदिरा नगर ओड परिवार के नाम से जाना जाएगा । कार्यक्रम में महा प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण भारत सहित राजस्थान प्रदेश के समाजसेवियों द्वारा समाजसेवी धर्माराम ओड सरपंच ग्राम पंचायत सांपा धापू देवी ओड राहुल ओड सचिन ओड द्वारा किया गया आयोजक को लेकर भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# ओमिक्रॉन वैरियंट पर बोले-सिंधिया: ओमिक्रॉन से निपटने नागरिक उड्डयन विभाग की तैयारी पूरी, 12 देशों के यात्रियों पर नजर

**ग्वालियर।** ग्वालियर आए केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आश्वस्त किया कि नागरिक उड्डयन विभाग ने COVID के नए रूप ओमिक्रॉन से निपटने की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग, बोत्सवाना और इजराइल सहित 12 देशों से आने और जाने वाले यात्रियों पर पूरी नजर रखी जा रही है। बाहर से आने वाले यात्रियों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। यहां से आने वाले यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर ही जांच के इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही वह ड्रॉन परियोजना पर भी बोले हैं। मंगलवार को कार्यकर्ताओं के पारिवारिक आयोजनों में सम्मिलित होने एक दिन के दौरे पर ग्वालियर आए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि ड्रोन तकनीक को मध्यप्रदेश में आगे बढ़ाने के लिए जल्द ही काम शुरू किए जाएंगे। सिंधिया ने ग्वालियर और मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए सदा सक्रिय रहने का संकल्प लेने की बात भी की है। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए रूप ओमिक्रॉन से सारी दुनिया में चिंता है। पर हम इससे भी निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विशेषकर नागरिग उड्डयन विभाग की तैयारियों को पूरा बताया।



### संवेदनशील माने जा रहे 12 देशों के यात्रियों की आवाजाही पर नज़र

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि नागरिक उड्डयन विभाग ने कोरोना के नए वेरिएंट के लिए संवेदनशील माने जा रहे 12 देशों के यात्रियों की आवाजाही पर सावधानी और निगरानी की जरूरत पर ज़ोर दिया। सिंधिया ने बताया कि इससे देश की उड़ानों संबंधी प्रगति पर असर तो पड़ रहा है, लेकिन सावधानी भी जरूरी है। भारत ने हांगकांग, बोत्सवाना और इजराइल से आने वाले यात्रियों की जांच के लिए सभी एयरपोर्ट को निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। राज्यों से कहा गया है कि वे दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग, बोत्सवाना और इजराइल से आने वाले यात्रियों की अच्छी तरह से जांच करें। किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें।

### दिग्गी और कमलनाथ पर बोले

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा पर बोले हैं कि उनकी यात्रा उनको सलामत रहे, मैंने हमेशा उनके बारे में कहा है कि वह हमारे बुजुर्ग हैं और उनका सम्मान करता हूं।

# शराब के नशे में कैफे में तोड़फोड

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। जिसमें एक कैफे में 4 से 5 लड़के के घुसकर तोडफोड़ मचा रहे हैं। इनमें एक बदमाश हाथ में पिस्टल लिए है और लहरा रहा है। जब कर्मचारियों ने खुद को एक रूम में बंद कर लिया तो इस युवक ने गेट में गोली मार दी। इसके बाद कर्मचारियों को दरवाजा खोलना पड़ा। नशे में धुत बदमाशों ने एक कर्मचारी को पकड़कर कैफे के लॉन्ज में जमकर पीटा है। उसके ऊपर लोहे की कुर्सी कई बार पटकी गई, पानी की बोतल से सिर पर ही कई बार मारा गया। पिस्टल के बट मारे। हमला करने के बाद कैफे का गेट भी तोड़ दिया। जब ड्ढद्धष्ठश्चह्र के बारे में पता किया गया तो जानकारी मिली कि यह ड्ढद्धष्ठश्चह्र दो दिन पहले सिटी सेंटर में एक कैफे में झगड़े का है। घटना के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी पुलिस के पास पहुंच गए हैं। पुलिस अफसरों का दावा है कि चार हमलावरों की पहचान हो गई है।



जल्द उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

### यह है पूरा मामला

ग्वालियर के सिटी सेंटर में एसपी ऑफिस के पास रैगनार कैफे है। यहां महाराजपुरा निवासी आलोक पुत्र रामप्रकाश यादव कर्मचारी है। दो दिन पहले की बात है। यहां कुछ लड़के कैफे में आए थे। लड़के नशे में धुत थे और वह कैफे में अन्य लोागें से हरकतें कर रहे थे। कमेंट कर रहे थे। इस पर कर्मचारी आलोक ने उनको समझाया और कैफे से बाहर जाने के लिए कहा था। इस बात पर युवक नाराज हो गए। उन्होंने कॉल कर अपने कुछ साथियों को बुला लिया। इसके बाद हमलावर हंगामा मचाते हुए कैफे के अंदर पहुंच गए। उनमें से एक बदमाश हाथ में पिस्टल लिए था। उनको देखते ही कर्मचारी स्टाफ रूम में घुस गए और दरवाजा लगा लिया। जो बदमाश पिस्टल लिए था उसने दरवाजे पर एक गोली मार दी। इसके बाद कर्मचारियों को दरवाजा खोलना पड़ा। बदमाशों ने सिर्फ आलोक को ही पकड़ा और बाल से घसीटते हुए बाहर लाए और लात घूसों से मारा।

### सिर पर कुर्सी, बोतल मारते रहे, पिस्टल लहराते रहे

हमलावरों ने कर्मचारी को जमीन पर पटककर उसके ऊपर लोहे की कुर्सी उठाकर चार से पांच बार फेंकी और पानी की बोतल बार-बार सिर पर मारी। लगातार उसे पीटा। पिस्टल के बट मारे। जब वह बेहोश हो गया तो हमलावर वहां से भागे। बाहर जाते-जाते कैफे का गेट तोड़ गए। घटना के बाद कैफे संचालक ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और वहां से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मारपीट की पूरी घटना कैफे में लगे कैमरे में कैद हो गई है। हमलावरों के चेहरे भी साफ दिख रहे हैं। पुलिस ने कैमरे के फुटेज ले लिए हैं। पुलिसने फुटेज के आधार पर 4 हमलावरों की पहचान कर ली है। यह आसपास के ही लड़के बताए जा रहे हैं। अब पुलिस इनकी तलाश कर रही है। इस मामले में एएसपी क्राइम राजेश डंडौतिया का कहना है कि कैफे में लगे कैमरे की फुटेज के आधार पर हंगामा कर तोड़फोड़ और मारपीट करने वालों की तलाश की जा रही है।

### तमंचे की नोंक पर ट्रक चालक से 15 हजार रुपए, मोबाइल लूटा

**ग्वालियर।** देहात के चीनोर थाना क्षेत्र के शुक्लहारी में बीती रात दो बदमाश रेत भरने जा रहे ट्रक चालक की मारपीट कर कट्‌टा अड़ाकर 15 हजार रुपए नकद, मोबाइल लूट ले गए। घटना के बाद घायल चालक ने मामले की शिकायत अपने मालिक और पुलिस को दी। पुलिस इस पूरे मामले को रेत कारोबार से भी जुड़ा मान रही है। जानकारी के अनुसार आंतरी के ऐराय गांव निवासी रवि गुर्जर का रेत का व्यवसाय है। उनके यहां विकास बघेल निवासी ऐराय गांव कर्मचारी है। विकास, रवि के यहां ट्रक चलाने का काम करता है। बीती रात ट्रक लेकर सिंध के घाट पर रेत भरने के लिए निकला था। जैसे ही वह चीनोर थाना क्षेत्र के शुक्लहारी से गुजर रहा था तभी उसने देखा कि सड़क पर काफी सारा तार पड़ा है। विकास ने सड़क साइड में खड़ा किया और तार हटाने लगा।

# महिलाएं एक्युप्रेशर को आदत बनायें यूटरस की बीमारी नहीं होगी: डॉ. चन्द्रवंशी

**ग्वालियर।** स्त्रियों को यूटरस से लेकर अन्य बीमारियां कभी घेर ही नहीं सकती, यदि वह अपने हाथ की उंगलियों और कलाई पर नियमित एक्युप्रेशर विधा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही शुगर से लेकर किडनी, लीवर, हृदय संबंधी रोगों को नियमित उपचार से ठीक किया जा सकता है। उक्त जानकारी आज एक्युप्रेशर प्रशिक्षण एवं चिकित्सा शिविर में देश के प्रसिद्ध एक्युप्रेशर विशेषज्ञ व भारतीय एक्युप्रेशर संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ. अमरप्रताप सिंह चन्द्रवंशी ने दी। डॉ. चन्द्रवंशी ने शिविर में अष्टांग योग सहित एक्युप्रेशर की विधा का प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि एक्युप्रेशर विधा का उपयोग अष्टांग योग के साथ करने से परिणाम चौकाने



वाले हैं। वह किसी भी प्रकार के रोगों को एक्युप्रेशर से दूर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि केवल वह हथेली के एक्युप्रेशर से किडनी की बीमारी दूर भगाई जा सकती है। उन्होने बताश कि एक्युप्रेशर में बढती उम्र में भी महिलाओं एवं पुरूषों को बुढापे में काफी हद तक दूर रखा जा सकता है, यहां तक कि शरीर में झुर्रियां भी नहीं पडती । डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि कैसा भी ब्लडप्रेशर ठीक किया जा सकता है, उन्होने बताया कि पैर के एक निर्धारित स्थान के नीचे सुपाडी रखकर उस पर पांच मिनट खडे होने से ही ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है, यहां तक कि टेंशन, डिप्रेशन दूर हो जाता है। उन्होंने रूके पेशाब को कराने , बेहोशी को ठीक करने के भी उपाय बताये। डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि एक्युप्रेशर व अष्टांग योग का उपयोग जीवन में बहुत जरूरी है, यदि यह आप दिनचर्या में अपना लेंगे तो चिकित्सक के यहां आपको जाने की जरूरत ही नहीं पडेगी। ज्ञातव्य है कि डॉ. चन्द्रवंशी पांच दिसंबर तक गायत्री शक्तिपीठ गायत्री नगर तानसेन रोड में नियमित 3 से साढे चार बजे तक निशुल्क एक्युप्रेशर प्रशिक्षण व उपचार कर रहे है।

## हाइवे पर खाली ट्रक में आग लगी



**ग्वालियर।** घाटीगांव हाइवे पर पीतांबरा ढाबे पर सोमवार सुबह खाली ट्रक में अचानक आग लग गई। चालक ने ट्रक को साइड में लगाकर उससे उतरकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रक में आग कैसे लगी। इसका पता नहीं चल सका है।करहिया निवासी मुकेश बघेल का ट्रक है, वह बनवार इलाके में भूषा खाली करने आया था। गाड़ी खाली करने के बाद वह वापस आ रहा था, तभी अचानक ट्रक में आग लग गई। आग का पता चलते ही उसने ट्रक को साइड में खड़ा कर पुलिस व दमकल अमले को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल अमला मौके पर पहुंचा और आग पर पानी फायर कर बुझाई, लेकिन तब तक ट्रक का अंदर का हिस्सा जलकर राख हो गया। एक दर्जन से अधिक लोगों से आनलाइन ठगी करने के आरोप में पकड़े गए देव सिकरवार की रिमांड अवधि समाप्त होने पर क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में सोमवार को पेश किया। आरोपित को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपित स्वयं को थानेदार बताकर ठगी करता था। आरोपित पुलिस एसआइ का फर्जी परिचय पत्र दिखाकर ठगी करता है। पुलिस ने आइडी जब्त कर ली है। आरोपित ने बैंक खातों से आनलाइन रुपये ट्रांसफर कर लोगों को ठगता था।






# बीएसएफ आज मनायेगा अपना 57 वां स्थापना दिवस







**ग्वालियर।** सीमा सुरक्षा बल का 57 वां स्थापना दिवस कल एक दिसंबर 2021 को मनाया जायेगा। स्वतंत्रता के बाद देश की सीमाओं की देखरेख राज्य के सशस्त्र बलों द्वारा होती थी। 1962 के भारत -चीन युद्ध और तत्पश्चात कच्छ में पाकिस्तान की दखलंदाजी के बाद बदली परिस्थितियों में बल की स्थापना एक दिसंबर 1965 को प्रथम महानिदेशक आईपी केएफ रूस्तमजी के नेतृत्व में की गई। प्रारंभ में बल की स्थापना पाकिस्तान से लगती सीमाओं की निगरानी के लिये की गई। बीएसएफ की शुरूआत में 25 बटालियनों के साथ हुई। इसमें मुख्यत- सशस्त्र पुलिस बल के ही कर्मी स्वेच्छा से शामिल हुये। समय के साथ सीमा सुरक्षा बल का काफी विस्तार हुआ , और आज इस बल की जनशक्ति 193 बटालियन तक पहुंच चुकी है। लगभग 7419.7 किलोमीटर लम्बी पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं को सुरक्षित रखने की महती जिम्मेदारी इसके पास है। उत्तर की दुर्गम गगनचुम्बी हिमाच्दादित पहाडियों की हाड कंपाती ठंड, थार रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप, पूर्वांचल की विषम परिस्थितियों व कच्छ की सपाट दलदली जमीन, सभी जगहों पर सीमा सुरक्षा बल के जवान दिन-रात विषम परिस्थितियों का पूरी जीवटता के साथ सामना कर देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को सर्वदा तत्पर खडे हैं। आज बीएसएफ के पास खुद का तोपखाना, जल शाखा तथा वायु शाखा है और विश्व में अपने प्रकार का इकलौता सीमा सुरक्षा बल है।

अपने 57 साल के गौरवमयी इतिहास में सीमा सुरक्षा बल की कई उपलब्धियां खास रही हैं। सीमाओं की सुरक्षा और सीमावर्ती निवासियों में विश्वास की भावना पैदा करना इस सोच के साथ बल का गठन किया गया था। इतिहास गवाह है कि बल ने अपने मूलभूत कसौटियों पर अपेक्षाओं से ज्यादा अपने आपको सर्वदा प्रमाणित किया है। अपने शैशवकाल में ही 1971 के युद्ध के दौरान सीमा सुरक्षा बल के योगदान को कोई भूल नहीं सकता। खुद तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री ने मुक्त कंठ से बल के योगदान और जवानों के बलिदान की प्रशंसा की थी। बीएसएफ ने 1971 में भारत.पाक युद्ध में सक्रिय हिस्सा लिया और 339 अलंकरण एवं वीरता मेडल प्राप्त किए। सन् 1999 में ऑप्स विजय फिर ऑप्स पराक्रम जैसी कठिन परिस्थितियों में सीमा सुरक्षा बल ने भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सरहदों पर मोर्चा संभाले रखा। विगत वर्षों में पूर्वांचल में अलगाववाद, पंजाब और कश्मीर में आतंकवाद और वर्तमान में वामपंथी अतिवाद को नियंत्रित करने के संघर्ष में सीमा सुरक्षा बल के योगदान का देश साक्षी रहा है और अपनी उपलब्धियों से देश का मान बढाया है। इसके अलावा जब कभी भी देश को सीमा सुरक्षा बल की सेवाओं की जरूरत महसूस हुई है, तब अपनी उत्कृष्ट सांगठनिक कार्यक्षमता और जवानों के अप्रतिम जीवट और साहस की बदौलत सर्वदा अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। साथ ही कम समय में अपनी एक विशिष्ट और विश्वसनीय पहचान बनाने में सफल रहा है। सीमा प्रबंधन के अलावा बल ने आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी तथा आपदा प्रबंधन में भी अपना अहम योगदान दिया है। बीएसएफ आज सीमाओं की सुरक्षा से लेकर काउंटर इमरजेंसी, आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी तथा नक्सल विरोधी अभियान में अपना अहम योगदान दे रही है।

## नैनो न्यूज

### पंजा कुश्ती पहलवानों का दस सदस्यो का दल 2 दिसंबर को रवाना होगा



**ग्वालियर।** पंजा कुश्ती पहलवानों को अपना हुनर एक बार फिर बॉलीवुड नगरी (मुंबई)में दिखाने के लिये दस सदस्यो का दल 2 दिसंबर को रवाना होगा । शेरू क्लासिक आर्यन रेसलिंग टूर्नामेंट एंड प्रो. पंजा लीग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक मुंबई में आयोजित हो रही है । इस टूर्नामेंट में देश की 25 टीमें भाग लेंगी इस पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में साठ किलो वजन वर्ग ,70 किलो वजन वर्ग ,80 किलो वजन वर्ग और 90 किलो वजन वर्ग (पुरूष) तथा महिला वर्ग में अंडर 60 किलो वजन तथा साठ से अधिक वर्ग की पंजा कुश्ती के साथ दिव्यांग वर्ग के ओपन कुश्ती प्रतियोगिता भी सम्पन होगी । ज्ञातव्य हो कि ग्वालियर के पहलवानों ने पंजा कुश्ती में दिव्यांग वर्ग में मनीष मौर्य ने विश्व पंजा कुश्ती चैम्पियनशिप (टर्की)में आयोजित वर्ष 2018 में स्वर्ण पदक विजेता रहे है। सचिन गोयल द्वारा नेशनल चेम्पियन शिप में स्वर्णपदक अरविंद रजक के द्वारा विश्व पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर देश व प्रदेश एवं ग्वालियर शहर का नाम रौशन किया है। ग्वालियर आर्म्स रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में ग्यारह सदस्यीय पंजा कुश्ती दल 2 दिसम्बर को रवाना होगा स्वर्ण पदक विजेता मनीष मौर्य के नेतृत्व में सर्व श्री सचिन गोयल ,सोनू चौरसिया ,सुनील अन्थोनी ,राजेश सोनी ,सचिन तोमर ,देवेन्द्र माहौर ,शिवम गुर्जर ,उमेश पाल ,जोगेन्द्र यादव ,सुजीत माहौर सभी पहलवान रवाना होंगे।

### ट्रैक्टर कुएं में गिरा ,चालक की मौत

**ग्वालियर।** देहात के करहिया थाना क्षेत्र मे वह ट्रैक्टर सहित कुएं में गिर जाने से चालक की मौत हो गई। संतोष शर्मा पुत्र रामबाबू शर्मा किसान है और खुद का ट्रैक्टर चलाते हैं। बीती शाम को वह खेतों की जुताई कर वापस घर आ रहे थे। अभी वह नहर के पास पहुंचे ही थे कि तभी वह ट्रैक्टर सहित कुएं में गिर गए। मामले का पता चलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और संतोष को निकालने में जुट गए। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद इसे कुएं में से निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने उसका शव पीएम हाउस भेज मर्ग कायम कर लिया है।

### मायके नवविवाहिता फांसी पर झूली ससुराल वालों पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**ग्वालियर।** शहर के बहोडापुर थाना क्षेत्र में स्थित किशन बाग में मायके में आई नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार किशन बाग निवासी पूजा गौड की पिछले साल कैलारस निवासी अजय भारद्वाज से हुआ था। 2 दिन पहले पूजा मायके आई थी उसने बताया कि सास-ससुर वह पति उसे परेशान करते हैं। जिससे परिजनों ने उसे समझा दिया था कि सब ठीक हो जाएगा ।बीती रात पूजा ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतका के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 25 हजार निकाले

**ग्वालियर।** जिले के डबरा मे एटीएम से पैसे निकालने आए युवक से दो बदमाशों मदद का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल लिया। और खाते से 25 हजार रुपए उड़ा दिए। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार डबरा थाना क्षेत्र के सुभाषगंज निवासी रचना साहू का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है। बीते रोज उसे कुछ रुपयों की जरूरत थी तो उसने अपने भतीजे रोहित को लेकिर एटीएम कार्ड देकर रुपए निकालने के लिए के लिए पहुंचाया। कुछ देर प्रयास करने के बाद भी जब रुपए नहीं निकले तो रोहित के पास दोनों युवक पहुंचे और रुपए निकालने का झांसा देकर उसका एटीएम कार्ड बदला और उसे दूसरा कार्ड धमा कर चले गए। पैसे ना निकलने पर रोहित वापस घर के लिए रवाना हो गया और दरवाजे पर पहुंचा ही था तो रचना के मोबाइल पर पैसे निकलने के मैसेज आने लगे। मेसेज जैसे ही आए और कार्ड देखा तो मामला समझ में आया। मामला समझ में आते ही वह बैंक पहुंची और कार्ड ब्लॉक करवाया। साथ ही सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478